वर्षः 17 अंक 185 सीकर, शुक्रवार 04 सितम्बर 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8



RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

कृष्ण जन्माष्टमी

# भारत-बेल्जियम संबंधों में नई मजबूती

## पीएम बोले- रक्षा और सुरक्षा सहयोग भारत-बेल्जियम संबंधों का प्रमुख स्तंभ

नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम ने रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मिलिट्री एक्सचेंज और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ वार्ता के बाद कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भारत-बेल्जियम संबंधों का प्रमुख स्तंभ है और दोनों देश रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी को नई ऊंचाई देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली में बार्ट डी वेवर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों की सरकारों और रक्षा उद्योगों के बीच हुए समझौते रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन के नए अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और बेल्जियम मिलिट्री एक्सचेंज तथा प्रशिक्षण सहयोग को बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं।

### खुफिया जानकारी साझा करने पर भी सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और बेल्जियम अपनी-अपनी एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने और अपराध के खिलाफ सहयोग को भी और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक सुरक्षा माहौल में दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को व्यापक और प्रभावी बनाना समय की जरूरत है।

### रणनीतिक क्षेत्रों तक पहुंची साझेदारी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत और बेल्जियम के बीच साझेदारी ने उल्लेखनीय प्रगति की है। दोनों देशों का सहयोग पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत-बेल्जियम संबंधों में आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।



### जोरावर टैंक पर मिलकर काम कर रहे दोनों देश

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और बेल्जियम आधुनिक रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जोरावर टैंक का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश रक्षा तकनीक और उत्पादन के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। इससे भविष्य में रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।

### काकीनाडा में ग्रीन अमोनिया परियोजना

पीएम मोदी ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-बेल्जियम सहयोग का जिक्र करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट्स में से एक विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच हुआ समझौता सतत विकास और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को नई गति देगा।

# श्री कृष्णजन्माष्टमी आज

## जन्माष्टमी पर 13 घंटे होंगे गोविंददेवजी के दर्शन : सुबह 4 बजे खुलेंगे पट



जयपुर।

जयपुर के आराध्य गोविंददेव जी मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस दिन शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे,लेकिन सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ने की संभावना है। कल ठाकुरजी के 13 घंटे दर्शन होंगे। तड़के 4 बजे मंगला झांकी के साथ मंदिर के पट खुलेंगे और रात 10:30 बजे तक अलग-अलग झांकियों के माध्यम से दर्शन होंगे। इसके बाद मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, तिथि पूजा और अभिषेक के आयोजन होंगे।

### पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक को लेकर विशेष इंतजाम

जन्माष्टमी के दिन भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन, पुलिस और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

मंदिर में प्रवेश से लेकर दर्शन के बाद बाहर निकलने तक श्रद्धालुओं को करीब 5 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है।

चारदीवारी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी बंद रहेगा। ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मेट्रो सहित सार्वजनिक परिवहन के उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल करने और घर से निकलने से पहले यात्रा की पूरी योजना बनाने की अपील की है।

### सिर्फ तय रास्ते से ही मिलेगी एंट्री

- भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए श्रद्धालुओं के प्रवेश की विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर में एंट्री केवल जलेब चौक की ओर बांदरवाल गेट से निर्धारित रास्ते से ही मिलेगा। अन्य रास्तों से प्रवेश बंद रहेगा।
- जलेब चौक से श्रद्धालुओं के लिए तीन अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं। इनमें पास वाले श्रद्धालु, बिना जूते-चप्पल आने वाले श्रद्धालु और जूते-चप्पल पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग कतारें रहेंगी।
- मंदिर परिसर में जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था नहीं होगी। इसके लिए पुरानी विधानसभा के पास जूते-चप्पल स्टैंड बनाया गया है।
- प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि संभव हो तो बिना जूते-चप्पल के ही दर्शन के लिए आएं, ताकि प्रवेश व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-लॉ स्टूडेंट्स पर बार काउंसिल एक्शन नहीं ले सकता

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआई के पास लॉ स्टूडेंट्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि छात्रों के आचरण पर कार्रवाई करने का अधिकार उनके यूनिवर्सिटी या संबंधित शैक्षणिक संस्थान के पास है। कोर्ट ने यह फैसला हैदराबाद की नेलसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 2026 बैच के छात्रों से जुड़े विवाद में दिया। छात्रों ने दीक्षांत समारोह में सीजेआई सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। इसके बाद बीसीआई ने छात्रों का वकील के तौर पर एनरोलमेंट रोकने और मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई के आदेश को गैरकानूनी बताया

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 बीसीआई या स्टेट बार काउंसिल को लॉ स्टूडेंट्स पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का कोई



स्पष्ट या निहित अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने बीसीआई चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा की ओर से 13 अगस्त को जारी आदेश को गैरकानूनी बताया। इस मामले में नेलसर के दो पूर्व छात्रों मिहिरा सूद और अभिषेक तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि बीसीआई को छात्रों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। 14 अगस्त को पिछली सुनवाई में सीजेआई सूर्यकांत ने बीसीआई के मामले में दखल देने पर नाराजगी जताई थी। सीजेआई ने कहा था कि भले ही छात्रों का फैसला गलत हो या उन्हें किसी ने गलत सलाह दी हो, फिर भी उन्हें अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है।

# नेपाल से 55किमी. दूर तिब्बत में 5 तीव्रता का भूकंप

## एक हफ्ते पहले बाढ़-भूस्खलन से तबाही मची थी; अब तक 1280 लोगों की मौत

काठमांडू।

नेपाल सीमा से करीब 55 किलोमीटर दूर तिब्बत में गुरुवार को 5 तीव्रता का भूकंप आया। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र उत्तराखंड के जोशीमठ से करीब 128 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था और इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

भूकंप जमीन की सतह से काफी कम गहराई पर आया। ऐसे भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं, क्योंकि इनकी भूकंपीय ऊर्जा सतह तक जल्दी पहुंचती है और रास्ते में कम कमजोर होती है। हालांकि, फिलहाल भूकंप से किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की खबर नहीं है। यह भूकंप ऐसे समय आया है, जब 26 अगस्त को तिब्बत और नेपाल में आई बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई थी। इस आपदा में अब तक कुल 1280 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 1259 और तिब्बत में 21 लोगों की जान गई है।

### मौत का आंकड़ा बढ़कर 1259 हुआ

नेपाल में आई बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा फिर बढ़ गया है। गुरुवार शाम 7 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 1259 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तिब्बत में अब तक 21 लोगों की मौत हुई है।



### तिब्बत में 100 नेपाली लापता, केरुंग में 1,500 लोग फंसे

नेपाल-तिब्बत सीमा के पास आई बाढ़ के बाद तिब्बत में करीब 100 नेपाली नागरिक लापता हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिब्बत के केरुंग इलाके में करीब 1,500 नेपाली नागरिक फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने की तैयारी की जा रही है। छेत्री ने यह भी बताया कि भारत में मिले कम से कम 19 शव नेपाल की भोटेकोशी नदी की बाढ़ में बहकर वहां पहुंचे थे। ये शव भोटेकोशी से त्रिशूली और नारायणी नदियों के रास्ते भारत पहुंचे।

### बिहार-नेपाल बॉर्डर पर 100+ ट्रक 2 दिनों से खड़े

नेपाल में आई फ्लैश फ्लड ने सिर्फ वहां की सड़कें, बस्तियां और टूरिस्ट प्लेस को ही नहीं, बल्कि बिहार से जुड़े कारोबार और टूरिज्म की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया है।

# राघव चड्ढा बोले-पंजाब सरकार ने वोटर लिस्ट से नाम काटा

## शिफ्टेड कैटेगरी में डाला; आप बोली-खुद ही बैकडेट से रजिस्ट्रेशन करवा रहे



लुधियाना।

पंजाब में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने हैं। चड्ढा ने दावा किया है कि मोहाली में ड्राफ्ट सूची में उनका नाम हटा दिया गया और उन्हें 'शिफ्टेड' की कैटेगरी में डाल दिया गया। उन्होंने इसे सामान्य क्लेरिकल गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा कि उन्होंने स्ड्डक्र के नियमों के तहत ऑब्जेक्शन दाखिल कर दिया है। अंतिम वोटर लिस्ट अक्टूबर 2026 में जारी होगी।

चड्ढा ने आरोप लगाया कि आप सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों के दबाव में उनका नाम वोटर लिस्ट में गलत तरीके से 'शिफ्टेड' मार्क किया गया और इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया।

इधर, आप ने चड्ढा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग की प्रक्रिया है और वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। चड्ढा पंजाब के बजाय दिल्ली में रह रहे हैं और वोटर रजिस्ट्रेशन बनाए रखना या स्थानांतरित करवाना उनकी अपनी जिम्मेदारी थी। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि चड्ढा दिल्ली के राजिंदर नगर में बैकडेट प्रक्रिया से वोटर रजिस्ट्रेशन कराने की कोशिश कर रहे हैं।क्क ने कहा कि अगर ऐसी कोई बैकडेट या गैरकानूनी प्रक्रिया हुई है तो इसकी जांच होनी चाहिए।

# आसमान में हॉक आई की वापसी

## इसरो जन्माष्टमी पर लॉन्च करेगा EOS-5

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपने पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल रॉकेट की लगातार दो असफलताओं के बाद, इसरो लगभग आठ महीने के लंबे अंतराल के बाद एक बेहद अहम और धमाकेदार वापसी करने जा रहा है। इसी क्रम में इसरो 4 सितंबर को तड़के 2ः55 बजे अपने सबसे दूरदर्शी अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट ईओएस-5 को अंतरिक्ष में भेजने जा रहा है। इस मिशन को भारत के सबसे भरोसेमंद भारी रॉकेट जीएसएलवी-एफ17 के जरिए अंतरिक्ष में स्थापित किया जाएगा।

### इस खास लॉन्च से जुड़ी बड़ी बातें

**1. देश की तीसरी आंख ईओएस-5 क्यों है खास?** इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में भेजे जा रहे सैटेलाइट का नाम ईओएस-5 है। यह पृथ्वी की सतह से लगभग 36000 किलोमीटर की ऊंचाई से भारत पर लगातार अपनी पैनी नजर बनाए रख सकता है।



**2. कहां से और कैसे लॉन्च होगा ईओएस-5?**इस सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से सब-जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा।

**3. कैसे होगी हॉक आई की वापसी?**इस बात को ऐसे समझिए कि अगर यह मिशन सफल होता है, तो भारत के पास अपनी सीमाओं, समुद्र तटों, मौसम प्रणालियों और आपदा संभावित (आसानी से बाढ़ या भूकंप वाले) क्षेत्रों पर चौबीसों घंटे सीधी नजर रखने की ताकत आ जाएगी। इसमें लगी हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा तकनीक सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत करेगी।

**4. जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट का पहला इमेजिंग सैटेलाइट**-गौर करने वाली बात यह है कि ईओएस-5 जियोसिंक्रोनस कक्षा से काम करने वाला भारत का पहला इमेजिंग सैटेलाइट है, जो देश की अंतरिक्ष निगरानी क्षमता को एक नई ऊंचाई देगा। इसका कुल वजन लगभग 2367 किलोग्राम है, जो इसे एक भारी-भरकम और ताकतवर पेलोड बनाता है।

**5. विशालकाय रॉकेट जीएसएलवी-एफ17** - इस मिशन को ले जाने वाला जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट करीब 51.7 मीटर लंबा है और इसका कुल वजन 420.5 टन है। यह भारत के सबसे बड़े और ताकतवर ऑपरेशनल रॉकेटों में गिना जाता है।

**6. तीन चरणों की बड़ी ताकत**

गौर करने वाली बात यह भी है कि इस रॉकेट में तीन चरणों वाली तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिसके ऊपर 4 मीटर चौड़ाई वाला फेयरिंग लगा है ताकि इतने बड़े सैटेलाइट को सुरक्षित रखा जा सके।

नवयत्न कोबरी पोस्ट



# निकाय चुनाव : नामांकन में खुली प्रत्याशियों की संपत्ति

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम चुनाव में वार्ड पार्षद बनने के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला भले ही मतदाता करेंगे, लेकिन नामांकन के साथ दाखिल किए गए हलफनामों ने उनकी आर्थिक स्थिति की तस्वीर पहले ही सामने ला दी है। प्रत्याशियों की ओर से घोषित संपत्ति के आंकड़ों में कहीं करोड़ों की चल-अचल संपत्ति है। तो कहीं प्रत्याशी लाखों की संपत्ति के साथ चुनाव मैदान में हैं। खास बात यह है कि कई प्रत्याशियों की तुलना में उनकी पत्नी के नाम अधिक संपत्ति दर्ज है। कहीं पत्नी की चल संपत्ति पति से दोगुनी से भी अधिक है तो कहीं दंपती की कुल संपत्ति में करोड़ों की अचल संपत्ति सबसे बड़ा हिस्सा है। हलफनामों में सोने-चांदी के जेवर और वाहनों का ब्यौरा भी प्रत्याशियों की आर्थिक स्थिति की अलग तस्वीर पेश करता है। महापौर की दौड़ में शामिल प्रमुख दावेदारों में वार्ड 112 के भाजपा प्रत्याशी सुनील कोठारी सबसे अधिक संपत्ति वाले प्रत्याशियों में सामने आए हैं। उनके नाम 25.71 करोड़ रुपए की चल और 10.16 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। उनके पास तीन वाहन हैं। पत्नी के नाम 10.26 करोड़ रुपए की चल और 4.46 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति के साथ 2.69 करोड़ रुपए के जेवर हैं। इस तरह दंपती की घोषित चल-अचल संपत्ति 50.59 करोड़ रुपए है। वहीं वार्ड 43 से भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र भार्गव ने 94.61 लाख रुपए की चल और 55 लाख रुपए की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके पास 80 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी है। पत्नी के नाम 1.55 करोड़ रुपए की चल और 1.25 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। दोनों की घोषित संपत्ति करीब 4.30 करोड़ रुपए है। भार्गव भाजपा की ओर से महापौर के दावेदारों में भी शामिल हैं। इसी तरह वार्ड 76 से भाजपा प्रत्याशी और पिछले कार्यकाल में डिप्टी मेयर रह चुके पुनीत कर्नावट की 1.12 करोड़ रुपए की चल और 1.22 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। उनके पास 580 ग्राम सोना और एक वाहन है। पत्नी के नाम 2.17 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 980 ग्राम सोना घोषित किया गया है। कर्नावट भी महापौर की दौड़ में शामिल हैं। इसके अलावा वार्ड 110 से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल के पास 98 लाख रुपए की चल संपत्ति, 450 ग्राम सोना और 2०5 किलो चांदी है। पति के नाम 25.92 लाख रुपए की चल और 3 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति तथा एक वाहन है। ज्योति खंडेलवाल को भी महापौर पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। इधर वार्ड 112 से कांग्रेस प्रत्याशी आशीष शर्मा ने 29.18 लाख रुपए की चल संपत्ति घोषित की है। उनके पास 50 ग्राम सोना और एक वाहन है। पत्नी के नाम 21.45 लाख रुपए की चल और 8 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। उनके पास 100 ग्राम सोना और दो किलो चांदी है। वार्ड 43 से कांग्रेस प्रत्याशी आशीष शर्मा ने 31 लाख रुपए की चल संपत्ति घोषित की है, जबकि पत्नी के नाम 5.95 लाख रुपए की चल संपत्ति है। दोनों के नाम क्रमश 10 और 20 ग्राम सोना दर्ज है। वार्ड 76 से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन के पास 5.55 लाख रुपए की चल और 24.42 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। उनके पास दो वाहन और 1.25 लाख रुपए के जेवर हैं। पत्नी के नाम 90.89 लाख रुपए की चल संपत्ति और 58.42 लाख रुपए के जेवर हैं। यहां भी पत्नी की घोषित चल संपत्ति पति की तुलना में काफी अधिक है। वार्ड 110 से कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता मैथी के पास 1.19 करोड़ रुपए की चल संपत्ति, 700 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी है। पति के नाम 34.65 लाख रुपए की चल संपत्ति और 200 ग्राम सोना घोषित किया गया है। वार्ड 98 से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सिंघी ने महज 2.68 लाख रुपए की संपत्ति घोषित की है। उनके पास कोई वाहन नहीं है। इसी वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार शर्मा के नाम 12 लाख रुपए की चल और 2 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। उनके पास दो वाहन हैं। पत्नी के नाम 6.30 लाख रुपए की चल और 7.50 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। वार्ड 100 से निर्दलीय मनोज मुदगल ने 13.15 लाख रुपए की चल और 54.88 लाख रुपए की अचल संपत्ति घोषित की है। पत्नी के नाम 52.77 लाख रुपए की चल और 1.41 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। वहीं भाजपा प्रत्याशी रविशंकर शर्मा के नाम 91.95 लाख रुपए की चल और 2.24 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। पत्नी के नाम 50 लाख रुपए की चल और 1.63 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति घोषित है। कांग्रेस प्रत्याशी दुर्गेश शर्मा ने 54.36 लाख रुपए की चल और 4 लाख रुपए की अचल संपत्ति का हलफनामा दिया है। इस तरह नामांकन हलफनामों से साफ है। कि नगर निगम चुनाव में प्रत्याशियों की आर्थिक है, सियत में बड़ा अंतर है। करोड़ों की संपत्ति वाले प्रत्याशियों के साथ लाखों की संपत्ति वाले उम्मीदवार भी मतदाताओं के बीच अपनी जगह बनाने के लिए मैदान में हैं। सोना-चांदी, वाहन, जमीन और अन्य अचल संपत्तियों के आंकड़े चुनावी मुकाबले के साथ प्रत्याशियों की आर्थिक पृष्ठभूमि भी सामने रख रहे हैं।

## डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जेईटी परीक्षा-2021 में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी राहुल चौधरी 25 निवासी हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसओजी अब तक कुल 38 आरोपियों को गिरफ्तारनिरुद्ध कर चुकी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर परीक्षा फर्जीवाड़े से जुड़े गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से वर्ष 2021 और 2022 में कृषि एवं अन्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय,जोबनेर को सौंपी गई थी। इसके तहत 8 अगस्त 2021 को राज्य के छह शहरों जयपुर, अजमेर, बीकानेरए कोटा, जोधपुर और उदयपुर में जेईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा, प्री.पीजी और प्री.पीएचडी परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। ये परीक्षाएं 96 केंद्रों पर हुई थीं। जांच में सामने आया कि परीक्षा में फर्जीवाड़े के लिए एक संगठित गिरोह सक्रिय था। गिरोह ने षड्यंत्र रचकर वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठाया। इसके बदले में लाखों रुपए की अवैध धनराशि का लेनदेन किए जाने की बात भी अनुसंधान में सामने आई। जांच के दौरान राहुल चौधरी की भूमिका भी सामने आई। आरोप है कि उसने जेईटी परीक्षा में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद से वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। एसओजी अब गिरफ्तार राहुल चौधरी से पूछताछ कर डमी अभ्यर्थी उपलब्ध कराने वाले लोगों, परीक्षा फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों और आर्थिक लेन-देन से जुड़े नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## साइबर ठगों से बचाएगा ई-स्कैन ऐप, राजस्थान पुलिस ने किया जागरूक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साइबर ठगों की ओर से फिशिंग लिंक के जरिए मोबाइल और कंप्यूटर में बॉटनेट मालवेयर डालकर निजी व बैंकिंग जानकारी चोरी करने की बढ़ती आशंका को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने आमजन को सतर्क किया है। पुलिस ने एंड्रॉयड मोबाइल उपयोगकर्ताओं को ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। यह ऐप मोबाइल में मौजूद बॉट, मालवेयर, ट्रोजन और अन्य साइबर खतरों की पहचान कर उन्हें हटाने में मदद करता है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग फिशिंग लिंक के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य उपकरणों में बॉटनेट मालवेयर संक्रमित कर देते हैं। इसके बाद उपकरण पर नियंत्रण हासिल कर उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना नेट बैंकिंग संबंधी विवरण, उपयोगकर्ता नाम, कूटशब्द और अन्य संवेदनशील जानकारी चोरी की जा सकती है। पुलिस के अनुसार भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल सीईआरटी-इन के सहयोग से एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिएईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप मोबाइल में छिपे वायरस, जासूसी सॉफ्टवेयर, विज्ञापन सॉफ्टवेयर और बॉटनेट संक्रमण की जांच करने में मदद करता है। साथ ही मोबाइल ऐप को दी गई संवेदनशील अनुमतियों पर भी नजर रखता है। ऐप में इंटरनेट आधारित सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से नए वायरस और साइबर खतरों की पहचान की जाती है। खतरा मिलने पर संदिग्ध या खतरनाक ऐप को हटाने अथवा अलग रखने की सुविधा भी उपलब्ध है। पुलिस ने बताया कि उपयोगकर्ता गूगल प्ले स्टोर से ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप इंस्टॉल कर आवश्यक अनुमतियां देने के बाद ऐप के विषाणु जांच विकल्प में जाकर पूर्ण जांच शुरू कर सकते हैं। जांच के दौरान वायरस या खतरनाक फाइल मिलने पर उसे हटाया या अलग किया जा सकता है। जांच पूरी होने के बाद मोबाइल को दोबारा शुरू करने की सलाह दी गई है। राजस्थान पुलिस ने व्हाट्सऐप पर दो-स्तरीय सत्यापन सक्रिय रखने और मोबाइल ऐप केवल आधिकारिक व विश्वसनीय स्त्रोतों से डाउनलोड करने की सलाह दी है। संदिग्ध वेबसाइटों या अज्ञात स्त्रोतों से एपीके फाइल डाउनलोड कर इंस्टॉल नहीं करने तथा किसी ऐप को अनावश्यक अनुमतियां नहीं देने को कहा है। मोबाइल में विश्वसनीय विषाणु रोधी सुरक्षा, जैसे ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप या एम-कवच 2, सक्रिय रखने की सलाह दी गई है। इसके अलावा मोबाइल का संचालन तंत्र और सभी ऐप नियमित रूप से अद्यतन करने तथा बैंक खाते और डिजिटल भुगतान से जुड़े संदेशों व लेन.देन पर नजर रखने को कहा गया है।

## सिंजगुरु गांव के जीएसएस पर ग्रामीणों ने डाला डेरा, बिजली समस्या को लेकर धरना शुरू

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** सिंजगुरु गांव में अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों और किसानों ने गुरुवार को गांव के जीएसएस ग्रिड सब-स्टेशन पर डेरा डालकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीण सुबह से ही जीएसएस पर बैठकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है। कि गांव में लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू नहीं है। बार-बार बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों को खेतों में सिंचाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। सरपंच अजीत सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण काफी समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं।

## राधा-दामोदर मंदिर में होगा कान्हा का जन्म, 21 तोपों की सलामी से गूंजेगा परिसर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के चौड़ा रास्ता स्थित श्री राधा-दामोदर मंदिर में शुक्रवार को जन्माष्टमी का उत्सव परंपरागत उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में ठाकुरजी का स्वरूप करीब ढाई वर्ष के बालक के रूप में विराजमान होने के कारण यहां जन्माष्टमी का उत्सव परंपरा के अनुसार दिन में ही मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के अगले दिन शनिवार शाम नंदोत्सव का आयोजन होगा। मंदिर में यह परंपरा परमार वृंदावन से करीब 500 वर्ष पुरानी और जयपुर में करीब 300 वर्ष से चली आ रही है। श्री राधा-दामोदर मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव की शुरुआत सुबह 5:30 बजे मंगला आरती से होगी। इसके बाद सुबह 7:30 से 10:30 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रृंगार दर्शन कराए जाएंगे। सुबह 11 बजे जन्म व्रत कथा का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव शुरू होगा। इस दौरान जगमोहन में विशेष झांकी सजाई जाएगी और ठाकुरजी को झूले में विराजमान कराया जाएगा। इस जन्मोत्सव के दौरान ठाकुरजी का सर्वसिद्धि, पंचगव्य, पंचामृत और गंगाजल से विधिवत जन्माभिषेक किया जाएगा। अभिषेक की प्रक्रिया करीब एक घंटे तक चलेगी। इस अवसर पर ठाकुरजी को पीले रंग की नई अधिवास पोशाक धारण कराई जाएगी। विशेष झांकी में माखन-मिश्री, धनि, की पंजीरी और छप्पन भोग सजाए जाएंगे। दोपहर 1:30 बजे महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के ठाकुर जी के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना है। ठाकुर जी के जन्म की खुशी में मंदिर परिसर के बाहर आतिशबाजी की जाएगी। जन्मोत्सव के अवसर पर 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। जिया बैंड की प्रस्तुति भी होगी, जो उत्सव के माहौल को भक्तिमय बनाएगी। मंदिर की परंपरा के अनुसार जन्मोत्सव के अगले दिन शनिवार शाम नंदोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा और विशेष झांकियों के दर्शन कराए जाएंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर ठाकुर जी के दर्शन करेंगे और नंदोत्सव में भाग लेंगे।

## फर्जी मार्कशीट-डिग्री बनवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की प्राध्यापक हिन्दी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी हासिल करने के प्रयास के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन से सांठगांठ कर अभ्यर्थी के नाम फर्जी मार्कशीट और डिग्री तैयार करवाने में सहयोग करने का आरोप है। एसओजी की अजमेर यूनिट ने वांछित आरोपी दीनदयाल मोलपुरिया 46 निवासी को निवासी सरदारशहर जिला चूरू गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि आरपीएससी में पात्रता जांच के दौरान अभ्यर्थी ब्रह्मा कुमारी विश्नोई ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चित्तौड़गढ़ से जारी एमए हिन्दी की डिग्री और असत्य शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। आरपीएससी अजमेर ने जब डिग्री के संबंध में यूनिवर्सिटी से सत्यापन कराया तो यूनिवर्सिटी प्रशासन ने ऐसी डिग्री जारी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इस संबंध में सिविल लाइंस थाना अजमेर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जहां जांच के दौरान सामने आया कि दीनदयाल मोलपुरिया ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन कौशल किशोर चंद्रुल से संपर्क किया था। आरोप है। कि उसकी सांठगांठ से ब्रह्मा कुमारी के नाम एमए हिन्दी की फर्जी मार्कशीट और डिग्री तैयार करवाई गई। इसके बाद फर्जी दस्तावेज बाबू लाल पटेल के माध्यम से अभ्यर्थी तक पहुंचाए गए। मामले में वांछित चल रहे दीनदयाल को एसओजी की अजमेर यूनिट ने दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। पुलिस उससे फर्जी डिग्री नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और लेनदेन के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्याम सुंदर विश्नोई की टीम फर्जी डिग्री प्रकरण से जुड़े आरोपियों की भूमिका खंगाल रही है। अधिकारियों के अनुसार फर्जी डिग्री हासिल करने वाली अभ्यर्थी ब्रह्मा कुमारी सहित इस प्रकरण में अब तक कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## किन्नर का वेश धर ज्वेलरी शॉप में घुस सोने के टॉप्स और अंगूठी चुराने वाला गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर थाना पुलिस ने ज्वेलरी शॉप पर किन्नर का वेश धारण कर चोरी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दुकानदार को बातों में उलझाकर सोने के टॉप्स और अंगूठी पार कर ली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से चोरी गया 100 प्रतिशत माल बरामद कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने ज्वेलरी शॉप पर किन्नर का वेश धारण कर चोरी करने वाले शातिर आरोपी राजू उर्फ पूजा किन्नर 50 निवासी जालंधर पंजाब को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किन्नर का वेश धारण कर ज्वेलरी दुकानों पर जाता था। वेश बदलने के कारण उस पर आसानी से शक नहीं होता था। वह दुकानदारों को बातचीत में उलझाकर कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर देता था। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी गहनता से पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी रामधन डोभाल ने बताया कि सिद्धार्थ नगर निवासी रामरज गोयल 60 ने 31 अगस्त को बजाज नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी प्रगति पथ पर सरयू ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी की दुकान है और 19 अगस्त को दोपहर एक व्यक्ति किन्नर का वेश धारण कर एक महिला के साथ दुकान पर आया था, और दुकान पर 11 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी टॉप्स और एक लेडीज अंगूठी पसंद की। इसके बाद भुगतान के लिए नकदी लाने का बहाना बनाकर वह दुकान से बाहर चला गया और साथी महिला को वहीं बैठा दिया। कुछ समय बाद दुकान में रखे सामान की जांच की गई तो सोने की एक जोड़ी टॉप्स और एक सोने की अंगूठी गायब मिली। दुकान संचालक ने साथ आई महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह आरोपी को केवल दो दिन से जानती है और उसका घर भी नहीं देखा है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद विशेष पुलिस टीम गठित कर टीम ने ज्वेलरी शॉप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## बस की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** रासीसर गांव के पास भारतमाला पुल के समीप गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब व्यक्ति सड़क पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक निजी बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने हादसे में शामिल निजी बस को जब्त कर लिया है। मृतक के शव को नोखा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दीपावली पर पटाखा बिक्री के अस्थाई लाइसेंस के आवेदन 22 सितंबर तक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दीपावली पर्व को देखते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में आतिशबाजी बिक्री के लिए अस्थाई अनुज्ञा पत्र लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अस्थाई लाइसेंस 12 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इच्छुक आवेदक 22 सितंबर 2026 तक आवेदन जमा करा सकेंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लाइसेंसिंग एवं लीगल बृजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित पुलिस उपायुक्त डीसीपी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में जमा कराया जा सकता है। आवेदन के साथ चार प्रतियों में ब्लू प्रिंट नक्शा प्रस्तुत करना होगा। नक्शे में प्रस्तावित दुकान/स्थल के आसपास के परिसर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। इसके अलावा आवेदक की चार नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, दुक/ की स्पष्ट रंगीन फोटो और प्रस्तावित स्थल के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित पटाखा दुकान के ऊपर आवासीय भवन या मानव निवास नहीं होना चाहिए। निर्धारित सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं करने वाले अथवा नियमों का उल्लंघन करने वाले आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा।

## बजाज की पुण्यतिथि पर गौसेवा के साथ जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** स्वर्गीय श्री जगन्नाथ जी बजाज की 34वीं पुण्यतिथि एवं स्वर्गीय सोहन लाल गट्टाणी की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नोखा तहसील माहेश्वरी सभा की ओर से कार्यकाल के तीसरे प्रकल्प के तहत ग्राम हिम्मटसर स्थित श्री श्याम गौ सेवा समिति में जीवदया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गौमाता के लिए सवामणी का आयोजन कर भोग अर्पित किया गया। समाजबंधुओं ने गौसेवा करते हुए जीवदया का संदेश दिया तथा सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। तहसील सभा अध्यक्ष आनंद कुमार मल ने बताया कि नोखा तहसील माहेश्वरी सभा द्वारा समाजहित में सेवा, जीवदया एवं जनहित से जुड़े विभिन्न प्रकल्प लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवदया समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसके साथ ही सामाजिक एवं सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाकर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाना भी सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व है। कार्यक्रम में तहसील सचिव सूरजमल बजाज, संरक्षक हरिप्रकाश चाण्डक, उपाध्यक्ष बाबूलाल मालाणी, संयुक्त मंत्री बजरंग मल एवं राजू गट्टाणी, संगठन मंत्री राजेश मालपानी, सांस्कृतिक मंत्री पवन लाहोटी, देवकिशन लाहोटी काकड़ा अध्यक्ष, कमल बजाज, बृजमोहन राठी हिम्मटसर अध्यक्ष, दिनेश लखारा, सीताराम तोषनीवाल, पवन राठी, बजरंग पालीवाल, मदन लाल बजाज, जेठमल बाहेती सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में समाजबंधुओं ने स्वर्गीय जगन्नाथ बजाज एवं स्वर्गीय सोहन लाल गट्टाणी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उपस्थितजनों ने गौसेवा, सवामणी तथा जरूरतमंदों तक सामाजिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में सक्रिय सहभागिता निभाने और सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## मानसिक शांति और सुखी काया के लिए संत मत के मार्ग पर चलें : बाबा उमाकांत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संत बाबा उमाकांत महाराज ने सत्संग में कहा कि मानसिक शांति और काया को सुखी रखने के लिए संत मत को समझकर संतों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रारंभ में मानव धर्म ही था, जिसमें सत्य, दया, परोपकार और सेवा धर्म शामिल हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और सदाचार के कमजोर होने से लोगों के कर्म खराब हो रहे हैं। खानपान बिगड़ रहा है, चरित्र में गिरावट आ रही है और लोग देश व धर्म के खिलाफकार्य कर रहे हैं। प्रकृति के नियमों के विपरीत किए गए कार्यों की सजा ही वर्तमान में लोगों के दुखों का एक कारण है। बाबा उमाकांत ने कहा कि किसान, व्यापारी, अधिकारी-कर्मचारी, मजदूर और विद्यार्थीकृहर वर्ग किसी न किसी रूप में शारीरिक, आर्थिक या मानसिक कष्ट झेल रहा है। इसका प्रमुख कारण संतों के बताए अनादिकालीन मार्ग से दूर होना, सत्संग सुनना और उस पर अमल करना छोड़ना है। उन्होंने कहा कि जहां दुख है, वहां सुख भी है। मानसिक शांति, काया का सुख और प्रभु की दया पाने के लिए संत मत को समझकर उसके अनुसार चलने का प्रयास करना चाहिए।

# किसान सभा ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर नवलगढ़ एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने तहसील में अनावृष्टि के कारण खराब हुई फसल की जल्द गिरदावरी करवाने और नवलगढ़ तहसील को अकालग्रस्त घोषित करने की मांग की। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि अनावृष्टि के कारण तहसील में करीब 90 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कृषि विभाग और गिरदावर की संयुक्त कमेटी गठित कर फसल खराबे की तत्काल जांच करवाने की मांग की। किसान नेताओं का कहना है कि जांच में देरी होने से किसानों को नुकसान हो रहा है। कई किसान अगली फसल की तैयारी के लिए खराब फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करना शुरू कर चुके हैं। किसान सभा ने नवलगढ़ तहसील में वर्ष 2025-26 में फसल बीमा कराने वाले सभी किसानों की सूची सार्वजनिक करने और उसकी प्रति उपलब्ध करवाने की मांग की। साथ ही वर्ष 2026-27 में बीमा कराने वाले किसानों की सूची भी उपलब्ध करवाने की मांग रखी गई।

ज्ञापन देने वालों में किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह कुल्हरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल महला, कम्युनिस्ट पार्टी के तहसील सचिव धनाराम सैनी, वकील बजरंगलाल मुंड, नौजवान सभा के तहसील अध्यक्ष दीपक रणवा, चमन सिंह दूत, हरिसिंह बुरड़क, महेंद्र सिंह खीचड़, श्रीचंद्र खरीटा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# डॉ. रामानन्द शर्मा बने राजस्थान अधिस्वीकृत पत्रकार संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

### संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारों ने जताई खुशी, बोले- उनके अनुभव से पत्रकारों की आवाज होगी मजबूत

अशोक राईका



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान अधिस्वीकृत पत्रकार संघ के संगठन विस्तार के तहत खेतड़ी के शिमला निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रामानन्द शर्मा को संघ का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिल बंसल ने उनका मनोनयन किया। शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के पत्रकारों और उनके साथियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी। डॉ. रामानन्द शर्मा लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से सामने रखने का उन्हें अनुभव है। इसी अनुभव को देखते हुए संघ ने उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिल बंसल ने उम्मीद जताई कि शर्मा अपने अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता के माध्यम से संघ को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के अधिकार, सुविधाओं और विभिन्न समस्याओं से जुड़े मुद्दों को प्रभावी मंच पर उठाने में शर्मा का अनुभव उपयोगी साबित होगा।

### पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय पर रहेगा जोर

शर्मा के मनोनयन पर पत्रकारों ने कहा कि अनुभवी पत्रकार को संगठन में जिम्मेदारी मिलने से पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाने में मदद मिलेगी। साथ ही जिले और प्रदेश स्तर पर पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी यह जिम्मेदारी महत्वपूर्ण साबित होगी। शर्मा को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों, संघ के पदाधिकारियों, साथियों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान- छात्रावासों में लगाए नीम, शीशम और जामुन के पौधे

### कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने किया पौधारोपण, विद्यार्थियों-कर्मचारियों ने पौधों को गोद लेकर नियमित देखभाल का लिया संकल्प



अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' तीन दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न विभागीय छात्रावासों में पौधारोपण किया गया। छात्रावास परिसरों को हरा-भरा बनाने के साथ विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत राजकीय अम्बेडकर छात्रावास मंडावा, राजकीय आर्थिक कमजोर वर्ग महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास झुंझुनूं तथा सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास झुंझुनूं में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अरविंद कुमार ओला, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी डॉ. निखिल कुमार, मंडावा ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनीता धायल सहित छात्रावास अधीक्षक, कार्मिक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इस दौरान छात्रावास परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

### पौधों को गोद लेकर देखभाल की जिम्मेदारी ली

पौधारोपण के दौरान छात्रावास परिसरों में नीम, शीशम, जामुन, गुलमोहर सहित विभिन्न छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों को गोद लेकर उनकी नियमित देखभाल और पानी देने की जिम्मेदारी भी ली।

# हवाई पट्टी से झुझारसिंह सर्किल तक चला सफाई अभियान, सड़क किनारे जमा कचरा उठाया

### नगर परिषद की टीम ने जेसीबी और 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ संभाला मोर्चा, आयुक्त राकेश कुमार ने मौके पर रहकर करवाई सफाई





अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से गुरुवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत सुबह सात बजे से नगर परिषद की टीम ने हवाई पट्टी चौराहे से झुझार सिंह सर्किल तक सड़क के दोनों ओर सफाई कराई गई। लंबे समय से जमा कचरे और गंदगी को हटाने के लिए नगर परिषद की टीम ने मशीनरी के साथ मौके पर मोर्चा संभाला। सफाई अभियान में जेसीबी और 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाई गईं।

इनके साथ करीब एक दर्जन सफाई कर्मचारी भी सफाई कार्य में जुटे रहे। जेसीबी की मदद से सड़क किनारे जमा कचरे और अन्य गंदगी को हटाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर मौके से बाहर ले जाया गया।

नगर परिषद आयुक्त राकेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ अभियान के दौरान मौके पर मौजूद रहे और सफाई कार्य की निगरानी की। अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों को चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए। अभियान में सफाई निरीक्षक लोकेश दुलड़, अली हसन और संदीप लंबा सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई।

# 1300 बच्चों से बोले आईएएस जैन- खुद जागरूक बनो, दूसरों को भी सुरक्षित रखो

### स्पर्श अभियान : आईएएस नवीन जैन ने विद्यार्थियों से किया संवाद, जानकारी नहीं, सही सोच जरूरी, गुड टच-बैड टच से साइबर सुरक्षा तक समझाया

अशोक राईका



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान देना ही काफी नहीं है, उन्हें सही और गलत के बीच फर्क समझना भी जरूरी है। इसी सोच के साथ बड़ागांव के सेठ शिवदत्त राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को स्पर्श अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं झुंझुनूं के प्रभारी सचिव नवीन जैन ने करीब 1300 विद्यार्थियों और शिक्षकों से सीधा संवाद किया। नवीन जैन ने बच्चों को जिंदगी से जुड़े ऐसे विषयों पर सरल तरीके से समझाया, जिनका सामना वे रोजाना करते हैं। उन्होंने गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल, सकारात्मक सोच और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयों पर उदाहरण देकर बात की। उन्होंने कहा कि आज बच्चों के पास जानकारी की कमी नहीं है, लेकिन जानकारी का सही इस्तेमाल करना सीखना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नकारात्मक सोच से दूर रहकर सकारात्मक नजरिया अपनाने और समाज के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा दी। नवीन जैन ने कहा कि बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। बाल सुरक्षा केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे साइबर दुनिया में सावधानी बरतें और सोशल मीडिया का इस्तेमाल सोच-समझकर करें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र खीचड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश हलवान, कार्यक्रम समन्वयक प्रमेन्द्र कुल्हार, स्पर्श अभियान समन्वयक डॉ. सौरभ जैन, केशव झाझड़िया और डाइट से श्रीराम मौजूद रहे। संस्था प्रधानाचार्य महिपाल महला ने अतिथियों और स्पर्श टीम का आभार जताया।

### जिले में पहले भी 18,237 विद्यार्थियों-शिक्षकों को किया जागरूक

कार्यक्रम समन्वयक प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि 8 अगस्त को जिला कलेक्टर के सहयोग से जिले के विभिन्न स्कूलों में 18,237 विद्यार्थियों और शिक्षकों को जागरूक किया जा चुका है। आगे भी जिले में ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। स्पर्श अभियान समन्वयक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि अभियान की शुरुआत 24 अगस्त 2019 को बच्चों और किशोरों को जागरूक करने के उद्देश्य से हुई थी। अभियान अब तक 21 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है। अभियान की खासियत यह है कि यह स्वैच्छिक, पेपरलेस और ऑफिसलेस तरीके से चलाया जा रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, मैनेजमेंट विशेषज्ञ सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स स्वयंसेवक के रूप में इससे जुड़े हैं।

# अगली पीढ़ी के लिए पेड़ बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : नवीन जैन

### खोह में 'एक पेड़ मां यशोदा के नाम' कार्यक्रम, अतिथियों और आमजन ने लगाए 500 पौधे



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** उदयपुरवाटी ब्लॉक के खोह गांव स्थित वन क्षेत्र में गुरुवार को वन विभाग की ओर से 'एक पेड़ मां यशोदा के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों और आमजन ने मिलकर 500 पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी सचिव नवीन जैन रहे। अध्यक्षता प्रभारी मुख्य वन संरक्षक डीपी जागावत ने की। नवीन जैन ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त पेयजल और शुद्ध ऑक्सीजन मिले, इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना और लगाए गए पौधों को पेड़ बनने तक बचाना जरूरी है। केवल पौधे लगाने से काम पूरा नहीं होता, उनकी नियमित देखभाल भी करनी होगी। उन्होंने वन विभाग की ओर से लगाए और वितरित किए जा रहे पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। साथ ही कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को जलवायु और वन संरक्षण की शपथ भी दिलाई। जिला वन अधिकारी काविया पीबी ने अभियान के उद्देश्यों और वन विभाग की भूमिका की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ पुरुषोत्तम धानका, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, उदयपुरवाटी विकास अधिकारी कुमुद सोलंकी, क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर, अमित सैनी सहित वन विभाग के कार्मिक, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन झुंझुनूं क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सैनी ने किया।

### जैव विविधता बनाए रखना जरूरी

डीपी जागावत ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति में हर जीव-जंतु, वनस्पति और पेड़-पौधे की अपनी भूमिका है। उन्होंने बताया कि छोटे जीवों द्वारा बनाए गए बिल भी पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। वर्षा का पानी इन बिलों के जरिए जमीन में पहुंचता है, जिससे भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है।

# कृष्ण-राधा के रूप में सजे नन्हे बच्चे, स्कूल में गूंजे कान्हा के जयकारे

### राजस्थानी शिशु मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव : ड्रेस प्रतियोगिता में युवांशी प्रथम, गिरिशा द्वितीय और दृष्टि शुक्ला तृतीय

सुरेंद्र शर्मा



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** मोदी रोड स्थित राजस्थानी शिशु मंदिर स्कूल में गुरुवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल का माहौल कृष्णमय नजर आया। नन्हे बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे तो उनकी मासूम अदाओं ने सभी का ध्यान खींचा। बच्चों ने कृष्ण के बाल स्वरूप को साकार करते हुए उत्सव में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें युवांशी सोनी ने प्रथम, गिरिशा ने द्वितीय और दृष्टि शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश शर्मा ने बच्चों को भगवान कृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं से जुड़े प्रसंग सुनाए। उन्होंने बच्चों को कृष्ण के जीवन और उनके संदेशों से परिचित कराया। विद्यालय निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति रुचि पैदा करना भी है। कार्यक्रम में सचिव सज्जन कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, सुशील सोनी, दीक्षिका शर्मा, कविता प्रजापत, राजेश शर्मा, विकास, राहुल, मीना शर्मा, पूनम सैनी, शालु सैनी, प्राची शर्मा, अशोक वर्मा, जसवीर कुमार सहित अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रुति शर्मा ने किया। अंत में सचिव और प्रधानाचार्य ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार जताया।

# दो बच्चों को लेकर घर से निकली विवाहिता

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा क्षेत्र में दो बच्चों को लेकर एक विवाहिता के मायके से चले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कांकरिया चौक निवासी पूनमचंद लखारा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाकर एक युवक पर उसकी पत्नी को दोनों बच्चों सहित साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी उर्मिला पुत्री शिवरत्न लखारा, निवासी हिम्मटसर, पिछले तीन-चार दिनों से अपने मायके गई हुई थी। आरोप है कि 1 सितंबर की सुबह करीब 3 से 5 बजे के बीच उर्मिला अपने दोनों बच्चों पीयूष (12) और लोकेश (7) के साथ मायके से निकल गई। रिपोर्ट में पूनमचंद ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी नंदूराम साध निवासी मालाणी बास, नोखा के साथ गई है। परिवादी के अनुसार उर्मिला अपने साथ स्त्रीधन के आभूषण, जिसमें ठुस्सी, रखड़ी-सेर, तीन अंगूठियां तथा तीन जोड़ी पायल/पाजेब शामिल हैं, के अलावा करीब 20 हजार रुपए नकद भी लेकर गई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। विवाहिता और दोनों बच्चों की तलाश के साथ पुलिस पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है।

# पत्रकार संजय सैनी को राष्ट्रीय गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड-2026



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** समाज और जनहित से जुड़े कार्यों में योगदान के लिए पत्रकार संजय सैनी को राष्ट्रीय गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया। आदर्श समाज समिति इंडिया की ओर से होटल रानी बाग में गांधी जीवन दर्शन पर आधारित सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संजय सैनी को सम्मान प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव इंद्र राज सिंह ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत्त डीजीपी रवि प्रकाश महरड़ा रहे। राजस्थान एजुकेशन ट्रस्ट की डायरेक्टर निकिता थालोर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। सम्मान मिलने के बाद संजय सैनी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं, सेवा के भाव का सम्मान है।

# कथा में सजा शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग, जयकारों से गूंजा पंडाल

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली के रघुनाथ मंदिर में चल रही भागवत कथा में गुरुवार को शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित अजय मिश्रा ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथावाचक ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की।

उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। शिव-पार्वती विवाह प्रेम, त्याग, तपस्या और समर्पण का प्रतीक है। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह की मनोहारी झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

विवाह प्रसंग के दौरान कथा पंडाल भगवान शिव के जयकारों और मंगल गीतों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ विवाह उत्सव में भाग लिया।

कथा व्यास पंडित अजय मिश्रा ने कहा कि शिव-पार्वती का जीवन प्रेम और समर्पण के साथ-साथ त्याग और तपस्या की सीख देता है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़े संदेश भी दिए गए।

## सम्पादकीय

# राम मंदिर का संचालन



राम मंदिर ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र की नियुक्ति यह बताती है कि इस मंदिर की व्यवस्था के संचालन के लिए किसी कुशल पेशेवर की आवश्यकता थी। अच्छा होता कि इस आवश्यकता की पूर्ति पहले ही कर ली जाती। यह अच्छा नहीं हुआ कि यह काम तब किया गया, जब राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आया। इस मामले ने मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था में खामी को उजागर किया और ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया। चूंकि जितेंद्र मिश्र आपरेशन सिंदूर समेत कई सैन्य अभियानों में अपनी दक्षता का परिचय दे चुके हैं, इसलिए आशा की जाती है कि वे राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ के रूप में भी अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह करेंगे और उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। हालांकि किसी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ की भूमिका सैन्य अधिकारी से भिन्न होती है, लेकिन दक्षता और कुशल प्रबंधन की मांग हर कहीं होती है। यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जितेंद्र मिश्र राम मंदिर की देख-रेख, साफ-सफाई के साथ चढ़ावे का प्रबंध सही तरह कर सकने में समर्थ होंगे और साथ ही लोगों को यह भरोसा दिलाने में सफल होंगे कि उनके नेतृत्व में राम मंदिर का संचालन आदर्श तरीके से होगा। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि यह एक भव्य मंदिर ही नहीं, आस्था का एक बड़ा केंद्र भी है। ऐसे किसी मंदिर में किसी भी तरह की अव्यवस्था के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को हर क्षण इसकी अनुभूति होनी चाहिए कि यहां सब कुछ विधिवत और धर्मसम्मत है। चूंकि राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ का कार्यक्षेत्र प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित है और उनका काम मंदिर के दैनिक प्रशासन की देख-रेख के साथ दर्शन की व्यवस्था और भीड़ का प्रबंधन करने के अतिरिक्त दान और वित्तीय गतिविधियों को संचालित करना होगा, इसलिए ट्रस्ट के अन्य सदस्यों को अपने हिस्से की भूमिका का निर्वाह करने के लिए सजग रहना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़े मामलों को ट्रस्ट के अन्य सदस्य और विशेष रूप से संतगण देखेंगे। इन मामलों के समुचित अवलोकन से ही राम मंदिर की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और वह हिंदू समाज की आस्था के एक बड़े स्थल के रूप में सुशोभित होगा। राम मंदिर उन आदर्शों का प्रकाशपुंज बनना चाहिए, जिनके लिए श्रीराम जाने और पूजे जाते हैं। वैसे तो संत समाज की यह मांग रही है कि राम मंदिर का संचालन उनके द्वारा ही हो, लेकिन एक तो इस पर आम सहमति नहीं और दूसरे, इस मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने और चढ़ावे के लेखा-जोखा के कारण प्रशासनिक मामलों में दक्ष लोगों की भी आवश्यकता है।

## विशेष आलेख

# दुनिया जब बुरे दौर में है तब भारत के आर्थिक उजाले



दुनिया आज जिस दौर से गुजर रही है, वह आर्थिक और सामरिक दोनों दृष्टियों से असाधारण चुनौतियों का दौर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सामने कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ऐसे समय में भारत की अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का परिचय दिया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते भारत की सामर्थ्य का प्रमाण है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत को ऐसी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसकी ओर दुनिया आश्चर्य और विश्वास दोनों के साथ देख रही है। इस विकास दर ने वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारत की आर्थिक शक्ति और आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है एवं एक उजाला बिखेरा है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वृद्धि ऐसे समय दर्ज हुई है, जब परिस्थितियां सामान्य नहीं थीं। महंगाई, ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास पथ मजबूत बना रहा। पिछले वर्ष इसी तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत थी। यानी एक वर्ष में आर्थिक वृद्धि की गति में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है। घरेलू मांग की मजबूती, सरकारी पूंजीगत व्यय, विनिर्माण, निर्माण और निर्यात जैसे क्षेत्रों का योगदान इस प्रदर्शन के पीछे महत्वपूर्ण रहा है। आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी समझ में आता है, जब उसे उसके वैश्विक संदर्भ में देखा जाए। आज दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं केवल आर्थिक नीतियों से प्रभावित नहीं हो रहीं, बल्कि युद्ध, कूटनीतिक तनाव, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक संबंध भी उनकी दिशा तय कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक एवं रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। पश्चिम एशिया का तनाव ऊर्जा बाजार और वैश्विक आपूर्ति तंत्र के लिए चिंता पैदा करता है। इन परिस्थितियों में भारत का अपेक्षाकृत तेज आर्थिक विकास यह संकेत देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने लिए ऐसे मजबूत घरेलू आधार तैयार किए हैं, जो बाहरी झटकों को सहने की क्षमता रखते हैं। यही वह परिवर्तन है जो भारत को केवल एक बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे ले जा रहा है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार है। करोड़ों उपभोक्ताओं की मांग, बढ़ता मध्यम वर्ग, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, बुनियादी ढांचे पर निवेश और बदलती उपभोग संस्कृति ने अर्थव्यवस्था को आंतरिक गति प्रदान की है। जब वैश्विक बाजार अनिश्चित हों, तब घरेलू मांग अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा-कवच का काम करती है। इसीलिए वर्तमान विकास दर में घरेलू मांग की मजबूती को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए। सरकारीएजेंसियां

इस आर्थिक प्रदर्शन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि वृद्धि केवल एक क्षेत्र के सहारे नहीं टिकी है। विनिर्माण क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का संकेत है कि भारत धीरे-धीरे उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। लंबे समय तक भारत की अर्थव्यवस्था को मुख्यत: सेवा क्षेत्र की शक्ति के रूप में देखा जाता रहा, लेकिन अब देश में उत्पादन बढ़ाने, घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में किए गए प्रयासों से औद्योगिक क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। निर्माण क्षेत्र भी रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सड़कें, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डे, आवास, औद्योगिक गलियारे और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश का प्रभाव केवल आर्थिक वृद्धि के आंकड़ों में नहीं दिखाई देता, बल्कि उससे भविष्य की आर्थिक क्षमता भी निर्मित होती है।

भारत की वर्तमान आर्थिक यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई नीतियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले वर्षों में सरकार ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, वित्तीय समावेशन, विनिर्माण, नए उद्यम, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर लगातार जोर दिया है। जनधन खातों से लेकर डिजिटल भुगतान तक और राजमार्गों से लेकर रेलवे के आधुनिकीकरण तक, आर्थिक गतिविधियों का एक व्यापक तंत्र तैयार हुआ है। वस्तु एवं सेवा कर ने देश के बड़े बाजार को अधिक एकीकृत करने में भूमिका निभाई है। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता जैसी व्यवस्थाओं ने कारोबारी वातावरण को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने अनेक क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन और निवेश को बढ़ावा दिया है। इन नीतियों का वास्तविक मूल्यांकन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके परिणामों से होना चाहिए। सकल घरेलू उत्पाद के ताजा आंकड़े इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत अवश्य देते हैं। आम नागरिक के लिए आर्थिक विकास का अर्थ तभी सार्थक है, जब उसके जीवन में रोजगार के अवसर बढ़ें, आय में वृद्धि हो, महंगाई नियंत्रित रहे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार आए। सकल घरेलू उत्पाद हमें अर्थव्यवस्था की गति बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उस विकास का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। इसलिए भारत की अगली चुनौती तेज विकास से आगे बढ़कर गुणवत्तापूर्ण और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। आर्थिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी रोजगार है। विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र का विस्तार इसलिए आशाजनक है क्योंकि ये बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने की क्षमता रखते हैं। लेकिन भविष्य में भारत को ऐसे उद्योगों की आवश्यकता होगी, जो बड़ी संख्या में युवाओं को सम्मानजनक और स्थायी रोजगार दे सकें। भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। यदि उसे कौशल, शिक्षा, तकनीक और रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं तो यही युवा शक्ति भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी ऊर्जा बन सकती है। भारत का लक्ष्य केवल आत्मनिर्भर बनना नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका निभाना होना चाहिए। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से अलग होना नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को इतना मजबूत करना है कि भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सके। आज दुनिया चीन के विकल्प के रूप में विभिन्न उत्पादन केंद्रों की तलाश कर रही है। भारत के पास विशाल बाजार, युवा मानव संसाधन, तकनीकी क्षमता और लोकतांत्रिक व्यवस्था जैसी विशिष्ट ताकतें हैं। यदि भारत विनिर्माण, अर्धचालक, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं में अपनी क्षमता बढ़ाता है, तो वह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में कहीं अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। 2047 का विकसित भारत केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देशवासियों की सामूहिक आकांक्षा है। 7.8 प्रतिशत की विकास दर इस यात्रा में एक उत्साहजनक पड़ाव है, मंजिल नहीं। भारत को लगातार उच्च विकास दर, मजबूत वित्तीय व्यवस्था और स्थिर आर्थिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर भी समान ध्यान देना होगा। भारत की आर्थिक कहानी अब केवल आंकड़ों की कहानी नहीं रह गई है। यह आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की कहानी बन रही है। दुनिया जब युद्ध और आर्थिक अस्थिरता की छाया में अपनी दिशा तलाश रही है, तब भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन उसे एक भरोसेमंद और संभावनाशील शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### वृष
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

### मिथुन
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### कर्क
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### सिंह
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

### कन्या
संपति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### तुला
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### वृश्चिक
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### धनु
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मकर
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### कुंभ
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मीन
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# झुर्रियों को दूर करने के लिए गुलाब का तेल है फायदेमंद



आपने चेहरे की त्वचा को निखारने के लिए कई बार गुलाब जल का उपयोग किया होगा। गुलाब जल में त्वचा को ठंडक पहुंचाने के गुण होत हैं। इसके साथ ही, गर्मियों की वजह से चेहरे पर होने वाली कई समस्याओं को दूर करने के लिए आप फेस पैक में भी गुलाब जल का इस्तेमाल सालों से कर रहे हैं। अगर आपकी त्वच में समय से पहले ही झुर्रियां आने लगी है, तो ऐसे में आप गुलाब से बने तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। गुलाब के तेल में एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो आपकी त्वचा से एजिंग के लक्षणों को दूर करने में सहायक होते हैं।

### मॉइस्चराइजिंग गुण से भरपूर

गुलाब के तेल में प्राकृतिक मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट और पोषण देने में मदद करते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, त्वचा में रूखापन आने लगता है और इस वजह से चेहरे पर झुर्रियां हो सकती हैं। गुलाब के तेल का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को मॉइस्चर प्रदान कर सकते हैं। साथ ही, समय से पहले एजिंग के लक्षणों को कम कर सकते हैं।

### कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में सहायक

कोलेजन एक तरह का प्रोटीन है, जो हमारी त्वचा की इलास्टिसिटी को बनाए रखने में मदद करता है। उम्र बढ़ने के साथ कोलेजन का उत्पादन कम होता जाता है, जिससे त्वचा पर झुर्रियां होने लगती हैं। गुलाब का तेल कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जो आपकी त्वचा की इलास्टिसिटी को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### एंटीऑक्सीडेंट गुण

गुलाब का तेल एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स और प्रदूषण से बचाने का काम करता है। फ्री रेडिकल्स और प्रदूषण की वजह से त्वचा में तेजी से एजिंग के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। एंटीऑक्सिडेंट सेल को दोबारा बनने में मदद करते हैं, जिससे त्वचा स्वस्थ होती है और आप युवा दिखने लगते हैं।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण

गुलाब के तेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा में सूजन और जलन को कम करने में मदद करते हैं। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए गुलाब का तेल एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

# आंखों को हेल्दी रखने के लिए अपनाएं यह उपाय

यह कहना गलत नहीं होगा कि आंखें भगवान की सबसे खूबसूरत देन है। इसलिए इनकी देखभाल जरूर करनी चाहिए। सोचिए अगर ये आंखें न हो, तो यह खूबसूरत दुनिया आप कैसे देख पाएंगे। अक्सर हमें पता ही नहीं चलता कि कब आंखों की रोशनी कम हो जाती है। कब आंख में दर्द किसी गंभीर बीमारी का कारण बन जाता है।

थोड़ी सी भी लापरवाही, यानी आंखों में दर्द से लेकर पानी निकलने की समस्या हो जाती है। इसलिए आंखों को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी होता है।

**स्वस्थ आंखों के लिए स्क्रीन टाइम कम करें :** फोन अब हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इसलिए तो आंख खुलते ही, फोन का इस्तेमाल किया जाता है। आंखों की देखभाल के लिए आपको स्क्रीन टाइम कम करना चाहिए। फोन से निकलने वाली रेडिएशन के कारण आंखें कमजोर हो जाती हैं। इसलिए आपको स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए। आपको हर 20 मिनट बाद कम से कम 20 सेकंड के लिए आंखों को ब्रेक देना चाहिए। इससे आंखों पर जोर कम पड़ता है।

### नाभि पर तेल लगाने से होने वाले फायदे

नाभि पर तेल लगाने से कई तरह के फायदे मिलते हैं, जैसे त्वचा में निखार और पेट से संबंधित बीमारियां नहीं होती हैं। नाभि में तेल लगाने से आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। इसलिए आपको नाभि में तेल लगाना चाहिए। आप तिल या बादाम का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। केवल रोशनी ही नहीं, आंखों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

### हेल्दी आंखों के लिए कैसी होनी चाहिए डाइट

स्वस्थ आंखों के लिए आपको डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। खानपान के जरिए स्वास्थ्य संबंधी सभी बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन सी से भरपूर चीजों को अपनी डाइट शामिल करें। ये पोषक तत्व आंखों की स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। बैलैंस डाइट लें।

# मानसून में पिएं हल्दी से बनी ये ड्रिंक्स, बूस्ट होगी इम्यूनिटी और बीमारियां रहेंगी दूर

देशभर में भारी बारिश के साथ मानसून दस्तक दे चुका है। गर्मी के बाद बारिश की फुहारें तन और मन को ठंडक तो पहुंचाती हैं। लेकिन यह मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। इस मौसम में नमी अधिक बढ़ जाती है, जिसके कारण बैक्टीरिया तेजी से ग्रो करते हैं। ये कीटाणु आपके शरीर में प्रवेश करके आपको बीमार कर सकते हैं। बारिश के मौसम में सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट से जुड़ी समस्याएं होना आम है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से दूर रखने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है।

बदलते मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए हल्दी का सेवन काफी लाभकारी हो सकता है। हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। नियमित रूप से हल्दी का सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है



और कई तरह की मौसमी बीमारियों से बचाव हो सकता है।

**हल्दी और केला स्मूदी :** मानसून में इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आप हल्दी और केला स्मूदी पी सकते हैं। इसके लिए आप मिक्सी में एक पका केला, 1 इंच अदरक का टुकड़ा, एक कप दूध, एक चुटकी हल्दी पाउडर और एक चुटकी दालचीनी पाउडर डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। फिर इसे गिलास में निकालकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें थोड़ा-सा शहद भी मिला सकते हैं।

**हल्दी वाला दूध :** हल्दी वाला दूध पीने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। हल्दी में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण शरीर का कई तरह के संक्रमण से बचाव करते हैं। हल्दी वाला दूध बनाने के लिए आप एक गिलास गर्म दूध में आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर और एक चुटकी काली मिर्च पाउडर डालें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा-सा गुड़ या शहद भी मिला सकते हैं। रोज रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने से नींद भी अच्छी आती है।

**हल्दी और नींबू की चाय :** नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी होता है, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। हल्दी और नींबू की चाय का सेवन करने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और बॉडी डिटॉक्स होती है।

# 77 वें वन महोत्सव के तहत किया पौधरोपण



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** 77 वें वन महोत्सव के अवसर पर गुरूवार को एग्रीबायोटेक फैक्ट्री अजीतगढ़ के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम सहायक महाप्रबंधक पीके सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुआ। इस मौके पर फैक्ट्री परिसर में 31 पेड़ लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधे लगाने का उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जानकारी देते हुये पीके सिंह ने बताया की इस अजीतगढ़ ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों में एवं आसपास के इलाकों में दस हजार पौधे जियो-टैंगिग के माध्यम से फैक्ट्री की ओर से लगाये गए हैं। अंत में सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ ली।

# टैगोर निंबी जोधा में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपतहसील निंबीजोधा स्थित टैगोर शिक्षण संस्थान में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय बालिका विद्यालय, निंबी जोधा के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार गेणा द्वारा श्रीकृष्ण को माखन-मिसरी का भोग लगाकर व पूजा-अर्चना कर किया गया। नन्हें-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया वहीं दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता, समूह नृत्य व एकल नृत्य ने उत्सव को ओर अधिक जीवंत व मार्मिक बना दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रवण कुमार गेणा व संस्था निदेशक गुलाब सिंह शेखावत द्वारा बोर्ड कक्षाओं के मासिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार देकर तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गेणा ने पुरस्कार एवं मेडल को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं महिमा व समीक्षा के द्वारा किया गया।

# दूसरे दिन 25 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस लिए

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन वापसी के दूसरे दिन गुरुवार को 25उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस ले लिए। उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर ने बताया कि बुधवार को जहां आठ प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए थे वहीं दूसरे दिन गुरुवार को 25 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए। नामांकन वापस लेने वालों में वार्ड नंबर 1 से श्वेता मील निर्दलीय, वार्ड नंबर 2 से फूलचंद निर्दलीय, वार्ड नंबर 6 से हिमांशु अग्रवाल निर्दलीय, वार्ड नंबर 12 से अजय कुमार सैनी, श्योपाल सैनी, राजेंद्र कुमार सैनी निर्दलीय, वार्ड नंबर 13 से निशा देवी निर्दलीय, वार्ड नंबर 14 से ममता व रुक्मणी निर्दलीय तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से पूजा मांडिया, वार्ड नंबर 15 से निर्दलीय मेवा देवी, वार्ड नंबर 16 से रिछपाल निर्दलीय, 21 से निर्दलीय पूरणमल एवार्ड नंबर 23 से निर्दलीय अशोक कुमार, वार्ड नंबर 24 से सतीश कुमार वर्मा निर्दलीय एवार्ड नंबर 27 सुप्यार निर्दलीय, वार्ड नंबर 28 से कानाराम मीणा निर्दलीय, वार्ड नंबर 30 से ललित कुमार सैनी निर्दलीय, 31 से राजवीर सिंह चौहान व मदनलाल वर्मा निर्दलीय, वार्ड नंबर 33 से ममता सैनी व गीता देवी निर्दलीय एवार्ड नंबर 34 से बीरबल निर्दलीय एवार्ड नंबर 35 से भारती देवी व मंजू निर्दलीय शामिल है।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दवा विक्रेताओं को किया जागरूक



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान की ओर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण सीकर के सहायक औषधि नियंत्रक राजकमल छीपा के निर्देशन में औषधि नियंत्रण अधिकारी गजानंद कुमावत ने श्रीमाधोपुर पहुंचकर केमिस्टों को राज्य में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के बारे में बताते हुए स्वच्छता अपनाने बाबत जानकारी प्रदान की। डीसीओ कुमावत ने इस अवसर पर आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रण राजस्थान की ओर से जारी पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस पर दवा विक्रेताओं ने पखवाड़े में पूर्ण सहयोग करने व जोर शोर से इसका स्वागत करते हुए स्वच्छता पखवाड़े में सफाई का विशेष ध्यान रखने बाबत सहमति जताई। इस अवसर पर श्रीमाधोपुर केमिस्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष किशोर कुमार शर्मा सहित अन्य दवा विक्रेता मुकेश अग्रवाल, उमाशंकर ठठेरा, अशोक शर्मा, नरेंद्र सैनी, जीतू सैनी, सुनील छीनवाल, यशपाल वशिष्ठ, महेंद्र शर्मा, छत्रसाल सिंह, लोकेश पालीवाल सहित सभी दवा विक्रेता उपस्थित थे।

# महिलाओं-युवतियों को ऑनलाइन परेशान करना पड़ेगा महंगा

## 698 मोबाइल सिम कराई ब्लॉक, अब मोबाइल हैंडसेट की बारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महिलाओं और युवतियों को मोबाइल कॉल, संदेश और सोशल मीडिया के जरिए परेशान करने वाले साइबर मनचलों पर अब राजस्थान पुलिस डिजिटल कार्रवाई करेगी। ऐसे लोगों के मोबाइल सिम और जरूरत पड़ने पर मोबाइल हैंडसेट भी बंद कराए जाएंगे। सोशल मीडिया खातों की गतिविधियों पर डिजिटल निगरानी रखने के साथ ही शिकायत सही पाए जाने और मामला गंभीर होने पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच महिलाओं और युवतियों के मोबाइल नंबर हासिल कर उन्हें लगातार फोन और संदेश करने, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या अश्लील संदेश भेजने तथा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने अब शिकायतों के साथ-साथ इनके पीछे छिपे पैटर्न और आपसी संबंधों की भी जांच शुरू की है। एसपी साइबर अपराध सुमित मेहरड़ा ने बताया कि राजस्थान साइबर पुलिस ने अप्रैल 2025 से जुलाई 2026 तक प्रदेशभर में सामने आई ऐसी 5100 शिकायतों का डेटा जांच के दायरे में लिया है। इनमें इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबरों की जांच के बाद अब तक 698 मोबाइल सिम बंद कराई जा चुकी हैं। पुलिस की कार्रवाई की खास बात यह है कि किसी एक शिकायत तक सीमित रहने के बजाय डेटा का विश्लेषण कर यह भी पता लगाया जा रहा है। कि कहीं एक ही मोबाइल नंबर से कई महिलाओं और युवतियों को तो परेशान नहीं किया जा रहा। एक ही नंबर के खिलाफ अलग-अलग जिलों में शिकायतें होने और अलग-अलग मोबाइल नंबर या सोशल मीडिया खातों के पीछे एक ही व्यक्ति के सक्रिय होने की आशंका की भी तकनीकी स्तर पर जांच की जा रही है। साइबर अपराध शाखा सोशल मीडिया पर महिलाओं को आपत्तिजनक संदेश भेजने और टिप्पणी करने वालों की भी जांच कर रही है। शिकायतों में सामने आए मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया खातों की डिजिटल गतिविधियों पर साइबर फॉरेंसिक के जरिए नजर रखी जा रही है। जांच में शिकायत सही पाए जाने और मामले की गंभीरता की पुष्टि होने पर संबंधित सिम बंद कराई जा रही है। अब पुलिस ऐसे मामलों में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल हैंडसेट को भी जांच के दायरे में ले रही है। घटनाओं की पुनरावृत्ति सामने आने पर मोबाइल हैंडसेट को भी बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। गंभीर मामलों में स्थानीय पुलिस को सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराने और आरोपी की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार ऐसी शिकायतों की जांच तीन स्तर पर की जा रही है। सबसे पहले स्थानीय स्तर पर शिकायत और आरोपों का सत्यापन कराया जाता है। इसके बाद आरोपों की पुष्टि और मामले की गंभीरता के आधार पर मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। पुरानी शिकायतों को भी जांच के दायरे में लिया जा रहा है। राजस्थान साइबर अपराध समन्वय केंद्र आर4सी के जरिए शिकायतों के डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है। जिला साइबर टीमों की मदद से तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जांच कराई जा रही है। आवश्यकता होने पर स्थानीय थाना पुलिस के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी समेत आगे की कार्रवाई की जाएगी। साइबर अपराध शाखा के अनुसार महिलाओं और युवतियों को डिजिटल माध्यम से प्रताड़ित करने वालों पर चौतरफा कार्रवाई की तैयारी है। पहले मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया खाते की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। शिकायत की पुष्टि होने पर सिम बंद कराने के साथ ही मोबाइल हैंडसेट को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा। सोशल मीडिया खातों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने महिलाओं और युवतियों से अपील की है कि मोबाइल कॉल, संदेश या सोशल मीडिया के जरिए परेशान किए जाने की स्थिति में शिकायत को नजरअंदाज न करें। साइबर अपराध या डिजिटल उत्पीड़न की शिकायत साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है।

# गोगाजी धाम पर तीन दिवसीय मेले की तैयारियां शुरू

## चूने में दूध डालकर प्रति वर्ष चढ़ाई जाती है खोर



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गोगाजी धाम मेहाडा में तीन दिवसीय मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। पांच सितंबर को मेले का आगाज होगा। मेले से पूर्व गुरुवार को खोल चढ़ाई की रस्म का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए भगत सुबेदार अशोक कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेले से पूर्व पंचमी को मंदिर में खोळ चढ़ाई जाती है। इसके तहत मेहाडा जाटूवास, मेहाडा गुर्जरवास, गोरीर, दुधवा, शिमला, बसई, रामपुरा धीरजपुरा, कोराका की ढाणी, मोड़ी सहित निकटवर्ती हरियाणा के आस पास के गांवों के किसान जिनके घरों में दुधारू पशु है। उसका दूध प्रत्येक घर से ग्रामीण लेकर आते हैं , जो मंदिर में बड़े-बड़े कड़ाह में एकत्रित किया जाता है । इस दूध में चुना डालकर गांव के नवयुवक संपूर्ण मंदिर में पुताई करते हैं । मंदिर समिति की ओर से मंदिर में खोळ की रस्म का आयोजन हुआ। इसमें नवयुवक मंडल मेहाड़ा के कार्यकर्ताओं श्रमदान से मंदिर में पुताई की । दोपहर में झंडा रस्म का भी आयोजन हुआ तथा मंदिर में गोगा बाबा की जय के साथ झंडा चढ़ाया गया। गोगाजी धाम परिसर में बुधवार को सिहोड रोड मार्केट समिति के सौजन्य से भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगों ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया। विनोद स्वामी, सीताराम जांगिड़, मोहनलाल स्वामी, शीशराम किरार, विक्रम गहलावत, भोलाराम किरार, भल्लूराम जांगिड़, निक्कू गहलावत, सुमेर किरार, नत्थू राम सेन विक्रम स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# एलबीएस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई जन्माष्टमी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल श्रीमाधोपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नीतू तोलंबिया एवं विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता शर्मा ने की तथा संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे। श्रीआदर्श महिला बी.एड. कॉलेज श्रीमाधोपुर के प्राचार्य डॉ बी. एल. सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन एवं लीलाओं पर आधारित भजन, गीत एवं नृत्य की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा। मुख्य अतिथि जितेंद्र शर्मा ने जन्माष्टमी के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण के कर्म, सत्य, साहस, प्रेम एवं कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ बी. एल. सैनी ने छात्र-छात्राओं को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए श्रीकृष्ण के सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें निष्काम कर्म, सत्य के मार्ग पर चलने और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अनीता कुमावत एवं गोगराज ने भी अपने संबोधन में श्रीकृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मंच संचालन किरण कुमावत ने किया। कार्यक्रम में प्रिया कुमावत, ज्योति, रवीना, वर्षा, सुशीला, अंजली एवं ममता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायक संदेश दिया।

# पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डोटासरा


निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद सामने आई बगावत और नाम वापसी के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव मैदान में न उतरें। पार्टी में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के लिए अनुशासन सर्वोपरि है। डोटासरा ने कहा कि पार्टी ने बागियों को समझाने का प्रयास किया है। इसके बावजूद यदि कोई पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ता है तो कांग्रेस की अनुशासन समिति उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में सभी नेताओं ने मिलकर काम किया है और बड़ी संख्या में टिकट वितरित किए गए हैं। कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह है। डोटासरा ने दावा किया कि कांग्रेस ने इस बार सबसे ज्यादा टिकट वितरित किए हैं और चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जीतकर आएंगे।

उन्होंने प्रदेश में सबसे ज्यादा नगर निकाय बोर्ड कांग्रेस के बनने का भी दावा किया।

# पानी की मांग को लेकर टंकी पर चढ़े दो युवक, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के विजयनगर ग्राम पंचायत की नाखरी की ढाणी में गुरुवार को पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा। पेयजल संकट से परेशान दो युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए, जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं टंकी के नीचे धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने मटके फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों के अनुसार नाखरी की ढाणी में करीब चार साल पहले पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही टंकी सूखी पड़ी है। टंकी में पानी नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है। कि बार-बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। गुरुवार को पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण बड़ी संख्या में टंकी के पास एकत्रित हो गए। महिलाओं ने मटके फोड़कर विरोध जताया। इसी दौरान दो युवक विक्रम सैनी ओर रवि मरोडिया पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गए और पानी की समस्या का समाधान होने तक नीचे नहीं उतरने की बात कही। वहीं ग्रामीण टंकी के नीचे धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत और बढ़ जाती है, लेकिन ढाणी में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इससे महिलाओं और बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों से मांग की कि उच्च अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करवाएं और चार साल से सूखी पड़ी टंकी में पानी की आपूर्ति शुरू करवाई जाए। घटना की सूचना पर एएसआई प्रदीप कुमार पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा टंकी पर चढ़े युवकों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन वह समाधान करवाने की मांग पर अंडे रहे। इस मौके पर ओमवीर, विक्रम, बाबूलाल, निवास, जगदीश, जयराम, महेंद्र, अनिल, खेमचंद, देशराज, सरदाराराम, सुरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, सुनील, राजेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# लोसल नगरपालिका में 123 उम्मीदवार मैदान में

नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन के वापसी के दिन चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। नगरपालिका के 35 वार्डों में 123 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे हैं। जबकि 221 नामांकन दाखिल किए गए थे। इस बीच चुनाव की आज बड़ी खबर निकल कर सामने आई है वह यह है कि यहां पर निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में चुनाव लड़ने वाले की संख्या पचास तक पहुंच गई है। नामांकन वापसी के बाद कांग्रेस 34, भाजपा 27, माकपा 4, आरएलपी 8 एवं निर्दलीय 50 उम्मीदवार मैदान में रहे हैं। नामांकन वापसी पूरी होने के बाद हर वार्ड में उम्मीदवार की तस्वीर साफ हो गई है। नगरपालिका चुनाव से पहले ही ऐसी खबरें सामने आ रही थी कि निर्दलीय प्रत्याशियों की उम्मीदवारी बड़ी संख्या में हो सकती है। ठीक वैसा ही निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी सामने आ रही है। नगरपालिका क्षेत्र में उम्मीदवारों ने घर घर सम्पर्क करना शुरू कर दिया है। वार्ड में कार्यालय खुलने शुरू हो गया है। गांव गांव की चौपाल से लेकर शहर की गलियों में चुनावी माहौल परवान चढ़ा हुआ है।

# 15 लाख रुपए की रंगदारी नहीं देने पर पति को जान से मारने की धमकी

## महिला ने दर्ज करवाया मामला

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना क्षेत्र के तिरुपति नगर स्थित ग्रीन गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहने वाली एक महिला ने एक युवक पर 15 लाख रुपए की रंगदारी मांगने और रुपए नहीं देने पर उसके पति को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार संगीता सोनी पत्नी पुखराज सोनी, निवासी तिरुपति नगर ने रिपोर्ट में बताया कि 2 सितंबर 2026 की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपने फ्लैट में बच्चों के साथ बैठी थी। इसी दौरान फ्लैट के दरवाजे की घंटी बजी। उसकी बेटी ने दरवाजा खोला तो राकेश बाहर खड़ा था। राकेश ने उसकी बेटी से पूछा कि पुखराज कहां है। इसके बाद वह फ्लैट के गेट के बाहर खड़ा होकर गाली-गलौज करने लगा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि राकेश ने कहा कि उसके पति को रंगदारी के 15 लाख रुपए देने होंगे, अन्यथा उसे जान से मार दिया जाएगा। महिला ने बताया कि इससे पहले भी राकेश उसके पति से रंगदारी के रूप में रुपए मांग चुका है। रुपए देने से मना करने पर पिछले कई दिनों से उसके पति का पीछा कर गाड़ियां रोकने और फोन पर जान से मारने की धमकियां देने का आरोप भी लगाया गया है। महिला के अनुसार आरोपी ने फ्लैट में आकर धमकी दी कि 15 लाख रुपए नहीं दिए तो उसके पति पुखराज का कत्ल कर देगा और उसे दिन नहीं देखने देगा। साथ ही धमकी दी कि यदि नोखा में रहना है तो 15 लाख रुपए देने होंगे। महिला ने यह भी बताया कि धमकी से संबंधित सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उनके फ्लैट की गैलरी में लगे कैमरे में दर्ज है। रिपोर्ट में महिला ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ पहले से रंगदारी, हत्या, जानलेवा हमला और फिरौती सहित अन्य मामले दर्ज हैं। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर परिवार की सुरक्षा की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। पुलिस मामले में आरोपों की जांच कर रही है।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा प्रत्याशी का पुत्र है राकेश भादू

नोखा में वार्ड नम्बर 19 के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा व विकास मंच प्रत्याशी रामप्रताप भादू का पुत्र राकेश भादू है जिसके खिलाफ नोखा थाने में गुंडागर्दी का मामला संगीता सोनी पत्नी पुखराज सोनी ने करवाया है। जानकारी के अनुसार राकेश भादू ने संगीता सोनी के घर जाके गाली गलौच की और 15 लाख की रंगदारी मांगी। महिला को मां-बहन की गाली निकाली और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद नोखा शहर के स्वर्णकार समाज में भारी आक्रोश है।

# नोखा नगर पालिका चुनाव : 45 नामांकन वापस, अब 141 उम्मीदवार मैदान में

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। निर्वाचन अधिकारी प्रिया बजाज ने बताया की नोखा में नामांकन वापसी के दो दिनों में कुल 45 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को 35 प्रत्याशियों ने पर्चे वापस उठाए, जबकि इससे पहले गुरुवार को 10 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया था। नाम वापसी के अंतिम समय तक प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की ओर से पर्चा वापस लेने को लेकर गतिविधियां तेज रहीं। कई वार्डों में उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं की बैठकों का दौर चलता रहा। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद अब चुनाव मैदान की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। नोखा के 45 वार्डों में अब कुल 141 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। चुनाव मैदान में भाजपा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अलावा आरएलपी, आम आदमी पार्टी तथा निर्दलीय प्रत्याशी भी ताल ठोक रहे हैं। नाम वापसी के बाद सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार की तैयारियां तेज कर दी हैं।

### कार्यालय खुलते ही शुरू हुआ जनसंपर्क

नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही विभिन्न वार्डों में प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय खुलने लगे हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने घर-घर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और अधिक जोर पकड़ने की संभावना है। वार्डों में प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए विकास, मूलभूत सुविधाओं और वार्ड की समस्याओं को लेकर अपने मुद्दे सामने रख रहे हैं। अब मुकाबला 45 वार्डों में 141 उम्मीदवारों के बीच होगा।

# नामांकन वापसी के बाद राजलदेसर में 124 प्रत्याशी मैदान में, अंतिम दिन खूब चला ड्रामा

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव को लेकर राजलदेसर में नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफहो गई है। नामांकन वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को कई वार्डों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। वहीं कुछ वार्डों में नामांकन वापस लेने को लेकर प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच खींचतान भी देखने को मिली। नगरपालिका चुनाव के लिए कुल 176 प्रत्याशियों ने 220 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 8 प्रत्याशियों के नामांकन पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं। इसके बाद नामांकन वापसी के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। अब चुनावी मैदान में कुल 124 प्रत्याशी रह गए हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन वार्ड नंबर 12 में तीन निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने को लेकर काफी देर तक समझाइश का दौर चला। बताया गया कि तीनों प्रत्याशी कुछ समय के लिए आपसी सहमति से नामांकन वापस लेने के लिए राजी भी हो गए थे। हालांकि अंतिम समय में एक बार फिर असहमति की स्थिति बन गई। वार्ड के लोगों ने प्रत्याशियों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद तीनों प्रत्याशी तहसील कार्यालय से अपने-अपने घर की ओर रवाना हो गए और नामांकन वापसी नहीं हो सकी।

वहीं वार्ड नंबर 13 में निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन वापस करवाने को लेकर भी काफी प्रयास किए गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कुछ समय के लिए कहासुनी की स्थिति बन गई। मामला बढ़ने पर धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। नामांकन वापसी के अंतिम दिन तहसील कार्यालय परिसर में सुबह से ही प्रत्याशियों, समर्थकों और राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों की आवाजाही बनी रही। नामांकन वापसी के बाद अब राजलदेसर नगरपालिका के अलग-अलग वार्डों में कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। कई वार्डों में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी आमने-सामने हैं, जबकि कुछ वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। नामांकन वापसी के बाद कई वार्डों में चुनावी समीकरण बदल गए हैं। प्रत्याशियों के साथ-साथ राजनीतिक दलों ने भी अपने-अपने स्तर पर जीत के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अब नजरें इस बात पर रहेंगी कि निर्दलीय प्रत्याशी किस वार्ड में मुकाबले को प्रभावित करते हैं। नामांकन वापसी के बाद अब शुक्रवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा।

चुनाव चिह्न मिलने के साथ ही चुनाव प्रचार का औपचारिक और जमीनी दौर तेज होने की उम्मीद है। प्रत्याशी चुनाव चिन्ह मिलने के बाद घर-घर जनसंपर्क करेंगे। समर्थकों के साथ बैठकें, छोटी सभाएं और वार्ड स्तर पर मतदाताओं से संपर्क का दौर शुरू होगा। प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकेंगे। अब आने वाले दिनों में राजलदेसर के 35 वार्डों में चुनावी गतिविधियां और तेज होंगी। किस वार्ड में कौन प्रत्याशी बढ़त बनाता है और निर्दलीय प्रत्याशी किसके समीकरण बिगाड़ते हैं, इसका असर चुनाव परिणाम में देखने को मिलेगा।

## कृष्ण लीला के साथ सजेंगी 7 जीवंत झांकियां, 21 फीट ऊंची मटकी फोड़ बनेगा आकर्षण

### केसीसी टाउनशिप के मंदिरों में दिनभर होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम, रात 12 बजे जन्मोत्सव के बाद पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप में शुक्रवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर टाउनशिप के सभी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दिनभर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना और महामंत्री अभिषेक पारीक ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर में बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इसके साथ ही 7 जीवंत झांकियां सजाई जाएंगी। समारोह में श्रद्धालुओं के लिए 21 फीट ऊंचाई पर मटकी फोड़ कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि केसीसी के कार्यपालक निदेशक पुरुषोत्तमदास बोहरा होंगे।

### हनुमान मंदिर में लगेगा मेला

इसी तरह केसीसी टाउनशिप के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में भी जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन होंगे। मंदिर पुजारी सुभाष शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सामने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की जीवंत झांकी सजाई जाएगी।

### रात 12 बजे होगा जन्मोत्सव

जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर समितियों की ओर से कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## अवैध टेलीफोन एक्सचेंज : दस हजार का इनामी सिम सप्लायर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने फर्जी दस्तावेजों से सिम कार्ड जारी कराकर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने के मामले में 10 हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी अब्दुल रहमान को महाराष्ट्र के भिवंडी से गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान छिपाकर लगातार ठिकाने बदल रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि इस संबंध में वर्ष 2023 में प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के दौरान जब्त किए गए सिम बॉक्स में इस्तेमाल 43 सिम कार्डों में से अधिकांश सिम अंसारी मोबाइल शॉप के प्रोपराइटर अब्दुल रहमान 29 निवासी भिवंडी ठाणे महाराष्ट्र ने जारी करवा, थे। आरोपी ने ग्राहकों की जानकारी के बिना कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर टेलीकॉम कंपनियों से छलपूर्वक सिम एक्टिवेट कराए थे। पुलिस के अनुसार अब्दुल रहमान ने फर्जी सिम अपने सहयोगी वांछित आरोपी सैफ अंसारी उर्फ समीर उर्फ जैक, निवासी भिवंडी, को बेची थीं। गिरोह के अन्य सदस्यों की मदद से हाई-स्पीड इंटरनेट और सिम बॉक्स के जरिए अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित किया जाता था। इसके माध्यम से देशी-विदेशी वीओआईपी कॉल को लोकल कॉल में परिवर्तित किया जाता था। इससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान होने के साथ देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। जिस पर जांच अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक चंद्रज्योति शर्मा की टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। लगातार ठिकाने बदलने के बावजूद एसओजी ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर भिवंडी से गिरफ्तार किया। एसओजी आरोपी से पूछताछ कर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज से जुड़े अन्य आरोपियों और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## नगरपालिका चुनाव तारानगर
## 23 केंडिडेटों ने उठाया अपना पर्चा, अब 97 कैंडिडेट बचे मैदान में

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर नगरपालिका चुनाव के नामांकन वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को 23 केन्डिडेटों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। 23 केंडिडेटों के नाम वापसी के बाद अब चुनाव मैदान में 97 केंडिडेट शेष रह गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम प्रियंका कड़ला ने बताया कि तारानगर नगरपालिका चुनाव में 125 प्रत्याशियों नामांकन दाखिल किए थे। गुरुवार को नामांकन वापसी के दिन 23 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए जिस कारण अब चुनाव मैदान में 97 प्रत्याशी शेष रह गए हैं। 5 प्रत्याशियों ने पार्टी सिंबल व निर्दलीय के रूप में पर्चा भरा था उनके दोनों नामांकन एक नामांकन में मर्ज हो गए। नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों में सभी प्रत्याशियों ने निर्दलीय के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया था। वार्ड 1 से निर्दलीय प्रत्याशी संजय सोनी, वार्ड 5 से निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार, वार्ड 6 से निर्दलीय प्रत्याशी मो. अल्ताफसैयद, वार्ड 11 से निर्दलीय प्रत्याशी खुशबू, वार्ड 12 से निर्दलीय प्रत्याशी शबाना बानो, वार्ड 13 से निर्दलीय प्रत्याशी मो. अदरीश, वार्ड 15 से निर्दलीय प्रत्याशी आबिदा, वार्ड 16 से निर्दलीय प्रत्याशी मो. जुबेर गौरी, वार्ड 18 से निर्दलीय प्रत्याशी सोनू, वार्ड 19 से निर्दलीय प्रत्याशी संजू देवी, वार्ड 24 से निर्दलीय प्रत्याशी सबीना बानो, वार्ड 25 से निर्दलीय प्रत्याशी गुरुदीप सिंह, वार्ड 28 से निर्दलीय प्रत्याशी गौतम सोनी, वार्ड 29 से निर्दलीय प्रत्याशी बाबूलाल व राधेश्याम, वार्ड 31 से निर्दलीय प्रत्याशी समीर खान, वार्ड 32 से निर्दलीय प्रत्याशी आरिफ, लियाकत अली व बशीर खां, वार्ड 33 से निर्दलीय प्रत्याशी सुबरात खां, विजय कुमार सैनी व मनोहरलाल सैनी तथा वार्ड 34 से निर्दलीय प्रत्याशी रतनलाल सैनी ने अपना नामांकन वापिस लिया है।

## राजस्थान पुलिस का तकनीकी नवाचार
## राजकॉप ऐप पर ई-विजिटर सुविधा शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस ने तकनीकी नवाचार के तहत राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप पर ई-विजिटर सुविधा शुरू की है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो एससीआरबी की ओर से शुरू की गई इस सुविधा से होटल, धर्मशाला और व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जा रहे अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण अब मोबाइल फोन से ही दर्ज किया जा सकेगा। इससे खासतौर पर छोटे होटल और धर्मशाला संचालकों को राहत मिलेगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के अनुसार गृह विभाग के 6 अप्रेल 2026 के परिपत्र की पालना में इन प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण पहले ई.विजिटर पोर्टल पर दर्ज किया जाता था। छोटे प्रतिष्ठानों में कंप्यूटर और अन्य संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण ऑनलाइन विवरण दर्ज करने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए सुविधा को अब मोबाइल आधारित किया गया है। अधिकृत संचालक, मैनेजर या ऑपरेटर अपनी एसएसओ आईडी से राजकॉप सिटीजन ऐप में लॉगिन कर ई.विजिटर सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। इसमें आगंतुक का कमरा नंबर, चेक-इन की तारीख, आगमन व गंतव्य स्थान, यात्रा या विजिट का कारण, नाम, मोबाइल नंबर, लिंग और पता दर्ज किया जा सकेगा। इसके अलावा पहचान-पत्र का विवरण और उसकी प्रति अपलोड करने तथा होटल से प्रस्थान का समय भी दर्ज किया जा सकेगा। मोबाइल आधारित सुविधा से आगंतुकों का डिजिटल रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध रहेगा। पुलिस को आवश्यकता के अनुसार आगंतुकों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इससे अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में तकनीकी सहायता मिलेगी। साथ ही होटल व धर्मशाला संचालकों के लिए रिकॉर्ड दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी।

## गोगाजी महाराज का हुआ दुग्धाभिषेक व हवन

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर की शिवबाड़ी के पास स्थित नानूभक्त की जाहरवीर गोगामेड़ी पर श्री गोगाजी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक एवं एक कुंडीय हवन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पंडित आनंद कुमार सारस्वत, पंडित संदीप गौड़, प्रवीण माटोलिया, शिवशंकर जोशी, दिवाकर शास्त्री ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया। मुख्य यजमान योगेश गौड़ ने सपत्नीक यज्ञ में आहुतियां दी। इस अवसर पर गोगामेड़ी के नानूभक्त, गोगाभक्त लक्ष्मीनारायण पुरोहित, गिरधारी लाल गौड़, पृथ्वीराज माली, संपत सेन, जगदीश गौड़ए शंकर स्वामी, बीरबल राम खीचड़, अमरचंद माली सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## 32 प्रत्याशीयों ने नामांकन पत्र वापस लिए

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में निकाय चुनाव 2026 में नाम वापसी प्रक्रिया के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी नगरपालिका एसडीएम कार्यालय में नामांकन वापसी की प्रक्रिया सम्पन की गई, जिसके अन्तर्गत 32 प्रत्याशीयों ने नामांकन पत्र वापस लिये। नगर निकाय चुनाव 2026 में कुल 194 प्रत्याशी शेष है। चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया 04.09.2026 को सम्पन्न की जायेगी।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT MOTHOOKA**
**P.S. PATAN (SIKAR)**

S.NO. 54 DATE: 02-09-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar VBGRAM-G and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 14-09-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 3000000/-
UBN No. PKP2627GLRC00171

**PRASHASHAK** G.P. MOTHOOKA — **VDO** G.P. MOTHOOKA



**कार्यालय ग्राम पंचायत मीठड़ी**
**पंचायत समिति लाडनूं**

क्रमांक: 88 दिनांक : 03-09-26

निविदा सूचना संख्या :- 98, 99/2026-27

पंचायत समिति लाडनूँ की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मीठड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायतीराज की योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये संवेदकों, विनिर्माताओं व आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम पंचायत स्तरीय ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB- ZNR2627A0951, ZNR2627A0952 — UBN- ZNR2627WSOB01184, ZNR2627WSOB01185



**कार्यालय ग्राम पंचायत राणासर**
**पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं**

क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2026-27/142 दिनांक :- 02-09-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 40.00 | ZJU2627A 0710 | ZJU2627GLRC 01396 | 2026_PRD_ 594823_1 |

प्रशासक, ग्राम पंचायत राणासर, पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत राणासर, पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)



**कार्यालय ग्राम पंचायत निवाई**
**पंचायत समिति नवलगढ़**

जिला झुन्झुनूं ( राज. )

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/249 दिनांक:- 02/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निवाई पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0707
UBN NO. ZJU2627SSRC01393

प्रशासक, ग्राम पंचायत निवाई, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत निवाई, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास**
**पंचायत समिति नवलगढ़**

जिला झुन्झुनूं ( राज. )

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/279 दिनांक:- 02/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुमावास पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0708
UBN NO. ZJU2627SSRC01394

प्रशासक, ग्राम पंचायत कुमावास, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुमावास, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



**कार्यालय ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां**
**पंचायत समिति नवलगढ़**

जिला झुन्झुनूं ( राज. )

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/80 दिनांक:-02/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0709
UBN NO. ZJU2627SSRC01395

प्रशासक, ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां, पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# श्रीकृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की धानुका आदर्श विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का कार्यक्रम मंचासीन अध्यक्ष रामगोपाल मुरारका, व्यवस्थापक रामोतार शर्मा, रामलाल स्वामी, संकुल प्रमुख लोकेश कुमार चौमाल, ओम प्रकाश जांगिड़ और विनोद प्रजापत द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विद्यालय के बहनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भजनों की प्रस्तुति दी गई। लगभग 150 भैया बहन कृष्णा और राधा बनकर आए । प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रतीक चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। श्री कृष्ण रूप सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार दिया गया। बालिका प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार चौमाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पवन ठठेरा, मुरलीधर प्रजापत, रुक्मिणी देवी, संतोष शर्मा, निरंजन सैनी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफऔर अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजना इंदौरिया ने किया।

# शतायु पेंशनर परमेश्वरी देवी का किया सम्मान



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पेंशनर परमेश्वरी देवी धर्मपत्नी स्व. रुक्मानन्द स्वामी ने हाल ही में अपने जीवन के 100 वर्ष सकुशल पूर्ण करने पर पेंशनर समाज के पदाधिकारी उनके घर पहुंचे और शतायु होने पर बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए परमेश्वरी देवी को पुष्पहार पहनाया, शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और मुंह मीठा कराया। परिवारजनों के अनुसार परमेश्वरी देवी शारीरिक रूप से थोड़ी कमजोर हैं और कुछ दिन पहले चोट लगने से कूल्हे की हड्डी टूट जाने के कारण उनकी सक्रियता कम हुई है, इसके बावजूद इस उम्र में भी उनका रक्तचाप और श्वसन तंत्र सामान्य है, जो चिकित्सकों के अनुसार भी सराहनीय है। उनके सुपुत्र सेवानिवृत्त अध्यापक नरेन्द्र स्वामी ने बताया कि माताजी की दिनचर्या आजीवन अत्यंत संयमित रही है। वे ब्रह्म मुहूर्त में उठकर ईश्वर ध्यान और पूजा.पाठ करती थीं, नियमित और सात्विक आहार लेती थीं। यही अनुशासित जीवनशैली उनके शतायु और स्वस्थ जीवन का आधार है। सम्मान समारोह में पेंशनर समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़, बद्री प्रसाद शर्मा, सचिव पीरूमल भोभरिया, सदस्य मोहम्मद अनवर कुरैशी, रामदेव शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर परमेश्वरी देवी की पुत्रीए दामाद और पौत्री ने पेंशनर समाज का आभार व्यक्त किया और प्रसन्नता जाहिर की।

# भारत विकास परिषद् ने किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा आज श्री गांधी बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यकम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से स्थानीय शाखा के संरक्षक वासुदेव चाकलान, शाखा अध्यक्ष परमेश्वर लाल आत्रेय, संयोजक शुकदेव सांखोलिया, संस्था प्रधान ऊषा मिश्रा व दीपिका शर्मा, प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बीदावत, कैलाश आत्रेय व कल्याण सिंह चारण ने किया। संस्था प्रधान उषा मिश्रा द्वारा अतिथियों का शाब्दिक स्वागत् किया गया एवं महात्मा गांधी की आत्मकथा पुस्तक सभी अतिथियों को भेंट कर सम्मानित किया। संस्था प्रधान उषा मिश्रा व दीपिका शर्मा का दुपट्टा व कंठहार पहनाकर सम्मानित किया। श्री चाकलान ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया वहीं राजेन्द्र सिंह बीदावत ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला। कल्याण सिंह चारण ने नशे के दुष्परिणाम बताये एवं पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया । शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर विद्यालय के शिक्षिका नीलम सोनी, नितेश नंदनी व अंकिता माटोलिया को दुपट्टा ओढ़ाकर, कंठहार पहनाकर, श्री फल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं अपनी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी दीपक कुमार, निवेदिता सैनी व हर्षिता मंडार का दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र, कंठाहार पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया । कैलाश आत्रेय ने उपस्थित छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई । संस्था प्रधान दीपिका ने भारत विकास परिषद् का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन शुकदेव सांखोलिया ने किया। कार्यक्रम में भंवरलाल टेलर, पवन महर्षि, महेश कत्थक सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्र गान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आरटीआई में सूचना नहीं देना पड़ा भारी

## राज्य सूचना आयोग ने लगाया पॉच हजार की शास्ति

हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना नहीं देने तथा राजस्थान राज्य सूचना आयोग के आदेश की पालना नहीं करने पर ग्राम पंचायत डोकन पंचायत समिति पाटन के राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी पर आयोग ने 5000 रूपये की शास्ति लगाई है। मिली जानकारी अनुसार परिवादी हरीश देवन्दा की द्वितीय अपील में आयोग ने 20 अप्रैल 2026 को सूचना उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे। आदेश की पालना नहीं होने पर परिवाद प्रस्तुत किया गया।

# एसएस मोदी के विद्यार्थियों ने दही हांडी में दिखाया जोश, हिमालय सदन रहा अव्वल

सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ दही हांडी प्रतियोगिता में भी उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता में छात्र और छात्राओं के वर्ग में हिमालय सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद राजस्थान प्रांत के पालक कैलाश चंद्र रहे। जिला संघ चालक मान सिंह और भारत विकास परिषद झुंझुनूं शाखा के अध्यक्ष जिम्मी मोदी भी मौजूद रहे। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल और प्राचार्य विजय मसीह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान-प्रार्थना सभा से हुई। विद्यालय परिसर को आकर्षक झांकियों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में बाल लीलाओं की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। रास और नृत्य की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने कहा कि जन्माष्टमी भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं से जोड़ने का काम करते हैं। मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र ने श्रीकृष्ण के जीवन और उनके राजनीतिक एवं रणनीतिक पक्ष का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। मंच संचालन कनिष्का मीणा और तानी मीणा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने भी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

### दही हांडी में सदनों के बीच मुकाबला

जन्माष्टमी के अवसर पर इंटर हाउस दही हांडी प्रतियोगिता कराई गई। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साह से भाग लिया। छात्राओं की प्रतियोगिता में हिमालय सदन प्रथम, अरावली द्वितीय, विंध्य तृतीय और शिवालिक सदन चौथे स्थान पर रहा। वहीं छात्रों ने पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर बंधी दही हांडी फोड़ने का प्रयास किया। कड़े मुकाबले के बाद हिमालय सदन के छात्रों ने दही हांडी फोड़कर पहला स्थान हासिल किया। अरावली सदन दूसरे, विंध्य तीसरे और शिवालिक सदन चौथे स्थान पर रहा। दही हांडी के दौरान पूरा विद्यालय परिसर हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।

### रंगोली और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी हुई



जन्माष्टमी पर अंतरसदनीय रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं, राधा-कृष्ण की छवियों और भारतीय संस्कृति से जुड़े चित्र रंगोली के माध्यम से बनाए। प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चे कृष्ण और राधा की वेशभूषा में नजर आए। प्राचार्य विजय मसीह ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में धैर्य, साहस और कर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दही हांडी जैसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री राम मंदिर प्रन्यास एवं श्री सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह की गुरुवार को पूर्णाहुति हुई। कथा व्यास आचार्य जैनेन्द्र कटारा ने अंतिम दिन व्यास पीठ से सुभद्रा-अर्जुन विवाह, 24 गुरुओं के प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण के गोलोक गमन और शुकदेव पूजन का वर्णन करते हुए कथा का सार सुनाया। आचार्य कटारा ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक ग्रंथ है। 24 गुरुओं के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि प्रकृति और आसपास के जीवन से भी सीख ली जा सकती है। पृथ्वी से धैर्यए वायु से निर्लिप्तता, आकाश से व्यापकता, जल से निर्मलता और अग्नि से तेज व पवित्रता का संदेश मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण के गोलोक गमन का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए होता है। उनके स्मरण से मनुष्य में भक्ति, वैराग्य और आत्मचिंतन की भावना जागृत होती है। समापन अवसर पर शुकदेव पूजन किया गया तथा श्रद्धालुओं से नाम .स्मरण, सत्संग, सदाचार और सेवा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया गया।

# दिव्यांगों ने निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक गुरुवार को शहीद करणी राम रामदेव पार्क, कोर्ट सर्किल में हुई। बैठक में दिव्यांगों ने नगर निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अरविंद कुमार ओला, राजीव कुल्हार और दीक्षांत ने दिव्यांगों को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान दिव्यांगों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बैठक में जरूरतमंद दिव्यांगों की मदद की गई। बिमला बेवा को एक महीने का राशन और 1100 रुपए नकदए समीम बानो को बैसाखी तथा करण कुमार को ट्राई साइकिल दी गई। इस दौरान दिव्यांग बहनों ने सभी को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। बैठक में संस्थान के कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, मीडिया प्रभारी राकेश जांगिड़, पपीता कुल्हरी, श्रीराम, मुकेश कुमार, रिछपाल, सोयब लंगा, आरिफ, इदरीश, पूजा सहित अन्य मौजूद रहे।

# महास्वच्छता अभियान : एक दिन में 1500 स्वच्छता योद्धाओं ने 500 टन कचरा किया साफ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसून के बाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम जयपुर का ष्स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर थीम पर विशेष महास्वच्छता अभियान जारी है। अभियान के चतुर्थ चरण में गुरुवार को झोटवाड़ा एवं वैशाली नगर जोन के हर वार्ड, गली और मोहल्ले में सघन सफाई की गई। अभियान में 1500 से अधिक स्वच्छता योद्धाओं ने कमान संभाली और एक ही दिन में करीब 500 टन कचरे का निस्तारण किया गया। अभियान का शुभारंभ सुबह 7 बजे अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल ने चित्रकूट स्टेडियम से स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य ओम थानवी और दोनों जोन के उपायुक्त पवन कुमार शर्मा सहित अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा की पहल पर चल रहे अभियान के तहत विभिन्न स्थानों से कचरा, गंदगी और मलबा हटाया गया। जेसीबी व डम्पर से खुले कचरा डिपो साफ किए गए। जलभराव और जलनिकासी वाले स्थानों पर विशेष संसाधनों का इस्तेमाल किया गया। वैशाली नगर में 26 और झोटवाड़ा में 36 संसाधनों से सफाई कराई गई। इनमें 7 जेसीबी, 20 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 16 हूपर, 3 जटायु और 5 डम्पर लोडर शामिल रहे। तीन फॉगिंग मशीनों से कीटनाशक छिड़काव भी कराया गया तथा 25 खाली भूखंडों की सफाई की गई। आयुक्त कसेरा ने बताया कि अभियान 7 सितंबर तक छह चरणों में विभिन्न जोन में चलेगा। आगामी 5 सितंबर को सिविल लाइंस व आदर्श नगर तथा 7 सितंबर को जगतपुरा, झालाना और मालवीय नगर जोन में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से खुले में कचरा नहीं डालने और घर-घर आने वाले हूपर में ही कचरा डालने की अपील की।

# शिक्षा के साथ स्किल जरूरी, तभी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे विद्यार्थी

निसं





**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी में बुधवार को साथी केंद्र राजस्थान की ओर से 'प्रगति-2026' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल विकास से जोड़ना और उन्हें भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीबीईओ अनुकंपा अरडावतिया रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य किरोड़ीमल मीणा, प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद, सुभाष चनेजा और डॉ. सीमा यादव मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि अनुकंपा अरडावतिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है। विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ कौशल, आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, तकनीकी दक्षता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और उपलब्ध अवसरों का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### बदलती तकनीक के अनुरूप खुद को तैयार करने पर जोर

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बदलती तकनीक और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि 'प्रगति-2026' का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में शिक्षा के साथ स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की जरूरतों के अनुसार सक्षम बन सकें।

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी शिक्षा को कौशल आधारित बनाने की दिशा में अपने विचार साझा किए।

# साइबर ठगों से बचाएगा ई-स्कैन ऐप राजस्थान पुलिस ने किया जागरूक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साइबर ठगों की ओर से फिशिंग लिंक के जरिए मोबाइल और कंप्यूटर में बॉटनेट मालवेयर डालकर निजी व बैंकिंग जानकारी चोरी करने की बढ़ती आशंका को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने आमजन को सतर्क किया है। पुलिस ने एंड्रॉयड मोबाइल उपयोगकर्ताओं को ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। यह ऐप मोबाइल में मौजूद बॉट, मालवेयर, ट्रोजन और अन्य साइबर खतरों की पहचान कर उन्हें हटाने में मदद करता है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग फिशिंग लिंक के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य उपकरणों में बॉटनेट मालवेयर संक्रमित कर देते हैं। इसके बाद उपकरण पर नियंत्रण हासिल कर उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना नेट बैंकिंग संबंधी विवरण, उपयोगकर्ता नाम, कूटशब्द और अन्य संवेदनशील जानकारी चोरी की जा सकती है। पुलिस के अनुसार भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल सीईआरटी-इन के सहयोग से एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिएईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप मोबाइल में छिपे वायरस, जासूसी सॉफ्टवेयर, विज्ञापन सॉफ्टवेयर और बॉटनेट संक्रमण की जांच करने में मदद करता है। साथ ही मोबाइल ऐप को दी गई संवेदनशील अनुमतियों पर भी नजर रखता है। ऐप में इंटरनेट आधारित सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से नए वायरस और साइबर खतरों की पहचान की जाती है। खतरा मिलने पर संदिग्ध या खतरनाक ऐप को हटाने अथवा अलग रखने की सुविधा भी उपलब्ध है। पुलिस ने बताया कि उपयोगकर्ता गूगल प्ले स्टोर से ईस्कैन सीईआरटी.इन बॉट रिमूवल ऐप इंस्टॉल कर आवश्यक अनुमतियां देने के बाद ऐप के विषाणु जांच विकल्प में जाकर पूर्ण जांच शुरू कर सकते हैं। जांच के दौरान वायरस या खतरनाक फाइल मिलने पर उसे हटाया या अलग किया जा सकता है। जांच पूरी होने के बाद मोबाइल को दोबारा शुरू करने की सलाह दी गई है। राजस्थान पुलिस ने व्हाट्सऐप पर दो.स्तरीय सत्यापन सक्रिय रखने और मोबाइल ऐप केवल आधिकारिक व विश्वसनीय स्त्रोतों से डाउनलोड करने की सलाह दी है। संदिग्ध वेबसाइटों या अज्ञात स्त्रोतों से एपीके फाइल डाउनलोड कर इंस्टॉल नहीं करने तथा किसी ऐप को अनावश्यक अनुमतियां नहीं देने को कहा है। मोबाइल में विश्वसनीय विषाणु रोधी सुरक्षा, जैसे ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप या एम-कवच 2, सक्रिय रखने की सलाह दी गई है। इसके अलावा मोबाइल का संचालन तंत्र और सभी ऐप नियमित रूप से अद्यतन करने तथा बैंक खाते और डिजिटल भुगतान से जुड़े संदेशों व लेन.देन पर नजर रखने को कहा गया है।

# सूखे जैसे हालात के बीच फसल खराबे का सर्वे कराने और किसानों को मुआवजा देने की मांग : पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में सूखे जैसे हालात बनने पर चिंता जताते हुए सरकार से समय रहते फसल खराबे का सर्वे कराने और किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। गहलोत ने कहा कि हनुमानगढ़ से बालोतरा तक कई इलाकों में बारिश की कमी के कारण ग्वार, मूंग, मोठ और बाजरे की खरीफ फसलें झुलस गई हैं। कई जगह फसलें पूरी तरह बर्बाद होने के कगार पर हैं। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों की स्थिति ज्यादा चिंताजनक है। बारिश की कमी से पशुपालकों के सामने भी चारे का संकट खड़ा होने लगा है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल खराब होने के बाद किसानों के सामने रबी की बुवाई के लिए बीज, खाद और खेत तैयार करने का संकट रहेगा। ऐसे समय में राजनीति से ऊपर उठकर किसानों के साथ संवेदनशीलता से खड़े होने की जरूरत है। गहलोत ने सरकार से फसल खराबे का सर्वे, किसानों को मुआवजा, चारा डिपो खोलने और रोजगार की तैयारी तत्काल शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रबी सीजन के लिए किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# कथा में सजी श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की मनोहारी झांकी, पुष्पवर्षा से किया स्वागत

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** मुख्य बाजार में चल रही भागवत कथा में गुरुवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का आयोजन हुआ। कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की मनोहारी झांकी सजाई गई। श्रीकृष्ण और रुक्मणी के स्वरूपों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर विवाह की झांकी का स्वागत किया। कथा पंडाल 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर विवाह उत्सव मनाया। कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री ने बताया कि रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया था। रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उन्हें अपने साथ ले जाने का आग्रह किया। इसके बाद श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और रुक्मणी को अपने साथ ले आए। बाद में दोनों का विधि-विधान से विवाह हुआ। कथा में इसके बाद कृष्ण-सुदामा की कथा भी सुनाई गई। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए सच्ची मित्रता और प्रेम का महत्व बताया। आज के मुख्य यजमान हरिप्रसाद केडिया दंपती रहे।

# गाड़ी में सवार होकर आए युवकों ने रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** तालरिया बास क्षेत्र में गाड़ी में सवार होकर आए युवकों द्वारा रास्ता रोककर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बृजलाल पुत्र चन्द्रराम जाट बिश्नोई, निवासी तालरिया बास, तहसील नोखा ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि वह रात करीब 10 बजे अपने रास्ते जा रहा था। इसी दौरान मनफूलाराम और पोखरराम पुत्र भारमल जाट बिश्नोई, निवासी रासीसर, तालरिया बास एक गाड़ी में सवार होकर वहां पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों युवक गाड़ी से उतरकर परिवादी के रास्ते में आड़े फिर गए। आरोप है कि मनफूलाराम ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। वहीं पोखरराम भी उसके साथ शामिल हो गया।

# नाम वापसी के बाद बीदासर निकाय चुनाव की तस्वीर साफ, 111 प्रत्याशी मैदान में

निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** नगरपालिका चुनाव को लेकर नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही बीदासर निकाय चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफहो गई है। नामांकन वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को 15 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। इसके बाद अब नगरपालिका के कुल 35 वार्डों में से 34 वार्डों में चुनाव होगा, जबकि वार्ड-15 में भाजपा प्रत्याशी सुमन प्रजापत के निर्विरोध निर्वाचित होने से यहां मतदान की आवश्यकता नहीं रहेगी। नाम वापसी के बाद कुल 111 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी अमीलाल यादव के अनुसार नामांकन वापसी के अंतिम दिन विभिन्न वार्डों से कुल 15 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए। इनमें वार्ड-1 से मंजुदेवी, वार्ड-3 से बसंती, वार्ड-4 से धर्माराम जाखड़, वार्ड-6 से जगदीश प्रसाद माली, वार्ड-15 से कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम प्रजापत, वार्ड-17 से गीता देवी, वार्ड-18 से प्रभा देवी, वार्ड-19 से विनोद कुमार, वार्ड-21 से बजरंग लाल नाई एवं कांग्रेस प्रत्याशी संगीता कंवर, वार्ड-25 से अफसाना एवं जोहरा बानो, वार्ड-29 से राकेश तथा वार्ड-33 से वकीलदास कामड़ एवं शुभम लोहिया शामिल हैं।



### वार्ड-15 में भाजपा की सुमन प्रजापत निर्विरोध

नामांकन वापसी के बाद वार्ड-15 चुनावी चर्चा का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस वार्ड में भाजपा की सुमन प्रजापत और कांग्रेस के सीताराम प्रजापत के बीच सीधा मुकाबला था। लेकिन नाम वापसी के अंतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम प्रजापत ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद वार्ड में भाजपा प्रत्याशी सुमन प्रजापत के सामने कोई अन्य प्रत्याशी नहीं बचा और उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। 35 वार्डों वाली बीदासर नगरपालिका के चुनाव में यह प्रक्रिया के दौरान सामने आई पहली निर्विरोध जीत है। वार्ड-15 में मुकाबला समाप्त होने के साथ ही यहां मतदान भी नहीं होगा। भाजपा को चुनाव शुरू होने से पहले ही एक वार्ड में जीत मिलने से पार्टी को शुरुआती राजनीतिक बढ़त मिली है।

### कांग्रेस 28 वार्डों में आजमा रही चुनावी ताकत

नाम वापसी के बाद कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी 28 वार्डों में चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड संख्या 1, 2, 3, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 16, 17, 18, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34 और 35 में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं वार्ड-4, 5, 6, 13, 15, 19 और 21 में कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं है। ऐसे में इन वार्डों में कांग्रेस को पार्टी स्तर पर सीधा मुकाबला करने का अवसर नहीं मिलेगा और यहां अन्य दलों तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

### भाजपा के 27 प्रत्याशी मैदान में एक वार्ड में निर्विरोध जीत

भाजपा ने नामांकन प्रक्रिया के बाद 27 वार्डों में अधिकृत प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। पार्टी के प्रत्याशी वार्ड 1 से 14 तक अधिकांश वार्डों के अलावा वार्ड 16, 17, 18, 19, 20, 21, 24, 28, 29, 30, 33, 34 और 35 में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड-15 में भाजपा प्रत्याशी सुमन प्रजापत के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद भाजपा की राजनीतिक मौजूदगी 28 वार्डों तक पहुंच गई है। हालांकि इनमें से वार्ड-15 में मतदान नहीं होगा। भाजपा के वार्ड 22, 23, 25, 26, 27, 31 और 32 में अधिकृत प्रत्याशी मैदान में नहीं हैं। इन वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी मुकाबले को रोचक बना रहे हैं।

### अब 34 वार्डों में होगा फैसला

नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब बीदासर नगरपालिका चुनाव की वास्तविक तस्वीर मतदाताओं के सामने है। एक ओर भाजपा को वार्ड-15 में निर्विरोध जीत मिली है, वहीं कांग्रेस कई वार्डों में मजबूत दावेदारी के साथ मैदान में है। दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी ने चुनावी मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। अब सभी की निगाहें 34 वार्डों में होने वाले मतदान पर टिकी हैं। प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज करेंगे और मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंकेंगे। नगरपालिका की सत्ता किसके हाथ आएगी, इसका फैसला मतदान के बाद ही होगा। फिलहाल नामांकन वापसी के बाद बीदासर का निकाय चुनाव बहुकोणीय मुकाबले की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।

### निर्दलीय प्रत्याशियों पर टिकी नजर

नाम वापसी के बाद चुनावी मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर तक सीमित नहीं रह गया है। बड़ी संख्या में मैदान में मौजूद निर्दलीय प्रत्याशी कई वार्डों में चुनावी समीकरण बदलने की स्थिति में हैं। खास तौर पर उन वार्डों में निर्दलीयों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां भाजपा या कांग्रेस में से किसी एक दल का अधिकृत प्रत्याशी मैदान में नहीं है। निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में होने से प्रमुख राजनीतिक दलों के सामने अपने परंपरागत वोट बैंक को संभालने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर मजबूत जनसंपर्क और बूथ प्रबंधन की चुनौती रहेगी। कई वार्डों में मुकाबला बहुकोणीय होने की संभावना है, जिससे जीत-हार का अंतर भी कम रहने के आसार हैं।

## नगरपरिषद ने चलाया विशेष सफाई अभियान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत विशेष सफाई अभियान वार्ड नं. 01 से 60 चलाकर आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आयुक्त महेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि नगर परिषद द्वारा 60 वार्डों के 6 जोन बनाकर कार्य करेगी। जिसमें पहले दिन 3 सितंबर को वार्ड सं. 1 से 10 तक, दिनांक 04 सितंबर को वार्ड सं. 11 से 20 तक, 05 सितंबर को वार्ड सं. 21 से 30 तक, 6 सितंबर को वार्ड सं. 31 से 40 तक, 07 सितंबर को वार्ड सं. 41 से 50 तक, 8 सितंबर को वार्ड सं. 51 से 60 तक के वार्डों में नाली-नाला सफाई कार्य, मिट्टी, कचरा एवं अन्य सफाई संबंधित कार्य दोपहर बाद करवाये जायेंगें। उक्त कार्य करने हेतु सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी व कार्य सफाई निरीक्षक नथमल, संबंधित सफाई जमादार तथा पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारी साथ रहेंगें।

## देशनोक नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ एसीबी ने दर्ज किया प्रकरण

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नगर पालिका देशनोक, जिला बीकानेर के तत्कालीन अध्यक्ष ओमप्रकाश मून्धड़ा एवं अन्य के विरुद्ध पद का दुरुपयोग कर स्वयं को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है। मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। एसीबी में प्राप्त परिवाद के अनुसार तत्कालीन पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश मून्धड़ा ने राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत कथित रूप से अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने ही हस्ताक्षरों से अपने नाम पर पट्टे जारी किए। परिवाद में लगाए गए आरोपों के अनुसार 31 दिसंबर 2021 को मून्धड़ा के नाम से क्रमशः 71.88 वर्गमीटर, 267.14 वर्गमीटर और 42.53 वर्गमीटर क्षेत्रफल के तीन पट्टे जारी किए गए। इन पट्टों का पंजीयन 11 जनवरी 2022 को कराया गया। शिकायत प्राप्त होने के बाद एसीबी द्वारा मामले की जांच की गई। जांच के दौरान सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17, के तहत पूर्वानुमोदन भी प्राप्त किया गया। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर एसीबी ने ओमप्रकाश मून्धड़ा, तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका देशनोक एवं अन्य के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13 (1) क,13 (2) तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया है। एसीबी ने मामले में अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार से आए पांच नकाबपोश बदमाशों ने डिलीवरी बॉय से की लूटपाट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में मंगलवार रात कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने डिलीवरी बॉय से मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जगतपुरा में महल रोड पर बदमाशों ने सफेद रंग की स्विफ्ट कार बाइक के आगे लगाकर डिलीवरी बॉय का रास्ता रोक दिया। कार से उतरे पांच नकाबपोश बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे करीब 20 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद मोबाइल छीनकर जबरन दो बार में कुल 2700 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए और उसे सड़क पर गिराकर कार से फरार हो गए। एएसआई मानसिंह ने बताया कि करौली के कुड़गांव निवासी संतराम मीना 25 स्विगी कंपनी में डिलीवरी पार्टनर है। मंगलवार देर रात वह स्विगी का ऑर्डर पहुंचा कर बाइक से वापस लौट रहा था। इसी दौरान जगतपुरा स्थित महल रोड पर सफेद रंग की स्विफ्ट कार उसकी बाइक के आगे आकर रुकी और रास्ता रोक दिया। बाइक रुकते ही कार से पांच नकाबपोश युवक नीचे उतरे। बदमाशों ने संतराम से गाली-गलौच करते हुए उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसकी जेब में रखे करीब 20 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद मोबाइल छीनकर जबरन दो बार में 2700 रुपए ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। लूटपाट के बाद बदमाशों ने पीड़ित को सड़क पर गिरा दिया और कार में बैठकर फरार हो गए। बदमाशों की मारपीट से चोटिल हुए संतराम ने निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाया। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी करवाई, लेकिन कार सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित की रिपोर्ट पर शिवदासपुरा थाने में कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस वारदात स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

## 2 दिनों में 51 लोगों ने वापस लिया नामांकन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नामांकन वापसी के अंतिम दिन 41 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। इस प्रकार दो दिनो में कुल 51 लोगों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड न. 3 में सत्यनारायण, महावीर, दीनदयाल, वार्ड न. 4 में मुकेश बागड़ा, वार्ड 6 में बनारसी गोदारा, 8 में नवरतन सैनी, 10 में तमन्ना, 11 में मो. आजाद, 12 में आसिफराज, 15 में द्रोपदी, प्रेम देवी, 16 में पाना देवी, गीता देवी, 18 में सरिता, 20 में अब्दुल सलाम, 21 में मोहम्मद आबिद खिची, 22 में ललिता देवी, 23 में किरण देवी, 24 में मोहसिन खान, 25 में आयुष बागरेचा, 26 में अशोक सोनी, 27 में सुरेंद्र, राजूराम गोदारा, 28 में गोपालचंद व हेमंत शर्मा, 30 में इस्लाम बानो, 31 में तरूणा, सुल्तान अली, इलियास खान, 37 में छोटी, 38 में सीता देवी, 39 में मुकेश कुमार खटीक, 40 में आसिफ राईन, प्रीतम सांखला, मोहम्मद जब्बार, मोहम्मद अनवर कुरैशी, 41 में गुलफाम हुसैन, 43 में जगवीर सिंह, 44 में बसंती, 45 में कन्हैयालाल, 46 में विनोद कुमार, 47 में सांवरमल, भवानी सिसोदिया, 48 में सुनीलसिंह, 50 में विकास वर्मा, 52 में तौसिफ कुरेशी, 53 सोम प्रकाश प्रजापत, 56 में सुनीता सारण, 57 में मीराए 59 में अजय ढ़ेनवाल, 60 में फरजाना बानो ने नामांकन वापस ले लिया है। 41 वार्ड में नामांकन वापस कांग्रेस प्रत्याशी ने लिया है, बाकी सब निर्दलीय हैं।

## मटकी फोड़ने को मची होड़, गोविंदा आला रे के नारों से गूंजा महात्मा गाँधी कॉलेज

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीमाधोपुर के महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में माहौल उस समय पूरी तरह कृष्णमय और रोमांच से भर गया, जब राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। मटकी फोड़ने के लिए टीमों में ऐसी होड़ मची कि पूरा परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक रामसिंह जाट ने बताया कि प्रतियोगिता से पहले विद्यार्थियों ने मटकी को फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया। मटकी में टॉफियां, गुलाब पत्ती व अन्य सामग्री रखी गई। इसके बाद शुरू हुआ मटकी फोड़ने का रोमांचक मुकाबला। प्रतियोगिता में आईटीआईए बी.एड.ए बीसीए कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक के बाद एक टीम ने मटकी तक पहुंचने के लिए पूरा जोर लगाया। विद्यार्थियों के उत्साह, तालियों और जोशीले नारों से



महाविद्यालय परिसर में जन्माष्टमी का उत्सवी माहौल बन गया। रोमांचक मुकाबले के बाद बी.ए. कला संकाय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत के बाद विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय की निदेशक उषा खर्रा एवं प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, श्याम सामोता ने प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सहायक आचार्य शिव प्रसाद यादव, मांगीलाल कुमावत, प्रमोद वर्मा रहे। वहीं मटकी सजाओ प्रतियोगिता व्याख्याता कोमल कुमारी के सानिध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह दायमा, मनीष अग्रवाल, महेन्द्र यादव, ग्यारसी लाल यादव, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा, बृजमोहन यादव, सुमित्रा सिंह, ममता यादव, शशिकला पलावत, किरण सैनी, पवन कुमार, पवन शर्मा, अजित सिंह, सरिता निठारवाल, स्वाति कुमावत सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफएवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में टीम भावना, आपसी सहयोग, उत्साह और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जुड़ाव को बढ़ावा दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस अनूठी प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ.साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का शानदार अवसर दिया।

## एपीएल में रोमांच चरम पर, चौथे दिन भी जीत का सिलसिला जारी



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य चल रहे अग्रवाल प्रीमियर लीग एपीएल में चौथे दिन भी रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा। प्रवक्ता आयुष बजाज ने बताया कि बढ़ती दर्शकों की भीड़ के बीच पहले मुकाबले में अग्रवाल रॉयल्स ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए अग्रवाल सुपरकिंग्स को 7 विकेट से मात दी। शानदार प्रदर्शन के लिए राहुल कसेरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने बल्लेबाजी में 9 रन 13 गेंद बनाने के साथ गेंदबाजी में 3 ओवर में महज 6 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं दूसरे मुकाबले में अग्रवाल पैंथर्स ने अग्रवाल चैलेंजर्स को 6 विकेट से हराया। पैंथर्स के मयंक कयाल ने केवल 1 ओवर में 1 रन देकर हैट्रिक सहित 4 विकेट झटके और मैन ऑफद मैच बने। मुकाबले के अंतिम क्षणों में पैंथर्स के मुकेश अग्रवाल अध्यक्ष ने एक छक्का और एक चौका लगाकर टीम को रोमांचक जीत दिलाई। एपीएल में बढ़ते रोमांच के साथ मुकाबले लगातार कड़े होते जा रहे हैं। दर्शकों का उत्साह और मैदान पर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन प्रतियोगिता में नई ऊर्जा भर रहा है। आने वाले मुकाबलों में रोमांच और बढ़ने की उम्मीद है।

## सौ प्रतिशत मतदान करने की अपील



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकाय चुनावों को लेकर मतदाताओं में जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के कर्मचारियों ने अनेक जगहों पर रंगोली बनाकर अधिक से अधिक मतदान का संदेश आम लोगों को दिया है। योजना के कर्मचारी मनीषा गनोलिया, सरिता बुढ़ानिया, नरपत जाट आदि ने नगरपरिषद कार्यालय, मास्टर भंवरलाल मेघवाल कन्या महाविद्यालय, उपखंड कार्यालय, झंवर स्कूल आदि स्थानों पर रंगोलियां बनाकर लोगों से सौ प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## कर्मचारियों के सामने शराब की दुकान से गल्ला उठाकर हजारों रुपए ले भागा बदमाश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विद्याधर नगर थाना इलाके में बुधवार शाम दिनदहाड़े शराब दुकान में लूट की वारदात सामने आई। मंदिर मोड़ स्थित शराब दुकान में कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद बदमाश काउंटर के अंदर रखा गल्ला उठाकर ले गया और उसमें रखे हजारों रुपए मुट्ठी में भरकर फरार हो गया। कर्मचारियों ने बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह गलियों में तेजी से भागकर बच निकला। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी सज्जन कुमार ने बताया कि वारदात बुधवार शाम करीब 5 बजे हुई। दुकान के अंदर दो-तीन कर्मचारी बातचीत करते हुए काम कर रहे थे। इसी दौरान बदमाश दुकान के काउंटर के पास पहुंचा और कर्मचारियों की मौजूदगी में काउंटर के अंदर रखा गल्ला हाथ डालकर उठा लिया। इसके बाद उसने गल्ले को काउंटर पर रखकर उसमें रखे रुपए अपनी मुट्ठी में भर लिए। बदमाश को रुपए निकालते देखकर कर्मचारियों ने शोर मचाया तो वह दुकान से बाहर निकलकर भाग गया। शराब दुकान के एक कर्मचारी ने उसका पीछा किया। अन्य कर्मचारियों ने भी काफी दूर तक बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से गलियों में भाग निकला और हाथ नहीं आया। लूट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बदमाश की करतूत कैद मिली है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने के साथ ही उसकी तलाश में जुटी है।

## मतदान से पहले की कांग्रेस का 1 विकेट गिरा, वार्ड 41 के प्रत्याशी ने वापस लिया नामांकन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर में नगर परिषद चुनाव को लेकर नामांकन वापसी के अंतिम समय में वार्डों की राजनीति गर्माती रही। इसी के तहत कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वार्ड नंबर 41 के प्रत्याशी गुलफाम हुसैन ने आश्चर्यजनक रूप से अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। गुलफाम ने बताया कि वार्ड नंबर 40 में कट्टर कांग्रेसी नेता फारूख भुट्टा का टिकट काट दिए जाने से मैं आक्रोशित हूं इसी के कारण अपना नामांकन वापस ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि फारूख भुट्टा का टिकट काटने का असर अन्य वार्डों की राजनीति भी प्रभावित होगी। दूसरी और नामांकन वापसी के दौरान वार्ड नंबर 40 से आए जावेद भुट्टा, शाहिद खान कायमखानी, कांग्रेस नेता जब्बार भुट्टा सहित अनेक



लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक मनोज मेघवाल के आस-पास बैठे कुछ लोगों ने फारूख भुट्टा का टिकट कटवाने का काम किया, जिसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। जावेद भुट्टा ने कहा कि कांग्रेस नेता कहने वाले राधेश्याम अग्रवाल ने ये गड़बड़ की है। इस दौरान लोगों ने दावा किया कि इस बार कांग्रेस ने 60 के बजाय 36 वार्डों में टिकट बांटकर पार्टी के बनने वाले बोर्ड को तबाह करने का काम किया है, जिसकी शिकायत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद डोटासरा सहित अन्य बड़े नेताओं के समक्ष की जाएगी। जावेद भुट्टा ने कहा कि हम लोग कांग्रेस को आने वाले दिनों में जय निवास से कांग्रेस को बाहर निकालने का प्रयास करेंगे। नूर मोहम्मद कायमखानी ने कहा कि 60 में 24 वार्ड को कांग्रेस ने खाली छोड़ा है, इसका खुलासा जनता के समक्ष होना चाहिए कि आखिर कौनसे कारण रहे, जिसके कारण इतना घटिया निर्णय पार्टी को लेना पड़ा। दूसरी ओर वार्ड 59 में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने बताया कि मेरी पांच पीढ़ियां कांग्रेस को समर्पित रही हैं और जब हम लोग टिकट मांगते हैं, तो पार्टी के लोग नखरे करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझ से कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं ने समझाईश की है, जिसके कारण मैं अपना नामांकन पार्टी हित में वापस ले रहा हूं। दूसरी ओर वार्ड नं. 16 की बात करें तो भाजपा प्रत्याशी मधु पारीक के समर्थन में दो अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों पाना देवी, गीता देवी ने भी अपने नामांकन वापस लिए हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता दीनदयाल पारीक ने कहा कि वार्ड में भाजपा मजबूत स्थिति में है और हम लोग चुनाव जितेंगे।

## स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पतालों में स्क्रीनिंग व उपचार की तैयारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** स्वाइन फ्लू एच1एन1 संक्रमण की संभावित स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने जिले के चिकित्सा संस्थानों को दवाइयों की उपलब्धता, संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग, उपचार और गंभीर मरीजों को रेफरल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आमजन को भी संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, लगातार खांसी, गले में खराश, नाक बहना या




बंद होना, सिरदर्द, बदन व मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक थकान शामिल हैं। कुछ मरीजों में उल्टी-दस्त भी हो सकते हैं। सांस लेने में परेशानी, सीने में दर्द, अत्यधिक कमजोरी या सुस्ती तथा होंठ-नाखून नीले पड़ने जैसे गंभीर लक्षण होने पर तत्काल चिकित्सा संस्थान पहुंचने की सलाह दी गई है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। डिप्टी सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता और द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि मरीज की स्थिति व जांच के आधार पर उपचार और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार एंटीवायरल दवाएं दी जाती हैं। उन्होंने लोगों से लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की। संक्रमण से बचाव के लिए खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकने, हाथों को बार-बार धोने, संक्रमित व्यक्ति से दूरी रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने की सलाह दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190